स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
27 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 275 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



## सीएम योगी ने कहा - स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखे

# सरकारी अस्पतालों में गुणवत्ता लगातार बेहतर हो

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं

■ आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा

में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए।

साथ ही, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों को समय पर भुगतान होता रहेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलती रहेगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को भी योजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाए।



उन्होंने कहा कि आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। साथ ही, हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्हें अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता, स्वच्छता और समयबद्ध उपचार व्यवस्था के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन माह से कम एक्सपायरी अवधि वाली दवाएं अस्पतालों में नहीं होनी चाहिए और उनकी जगह नई दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन बनाने पर जोर देते हुए स्कूलों, कॉलेजों और स्वयंसेवी संस्थाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।

# यूपी में आंधी-तूफान, घरों की टंकियां उड़ीं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में नौतपा का आज दूसरा दिन था। मंगलवार तड़के लखीमपुर खीरी में आंधी-तूफान आया। पेड़ और पोल उखड़ गए। घरों की टंकियां उड़ गईं। सुबह ज्यादातर जिलों में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप निकलती रही। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी बढ़ गई। गर्म हवाओं ने जोर पकड़ लिया। आज 39 शहरों में हीटवेव का अलर्ट थी। इनमें 3 शहर बांदा, चित्रकूट और प्रयागराज में रेड अलर्ट रहा। यानी यहां बहुत गर्म हवाएं चलीं। इससे पहले, सोमवार देर रात अचानक मौसम बदल गया। लखनऊ में 90 की रफ्तार से तूफान आया। बस्ती, गोरखपुर और गोंडा में भी इतनी तेज आंधी आई कि हजारों पेड़-पोल उखड़ गए। गोंडा,

■ पेड़-पोल उखड़े, छह लोगों की मौत

लखीमुपर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में आंधी-बारिश से जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई। बदायूं, अयोध्या, उन्नाव, संभल में भी तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया- 28 मई से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आंधी, तूफान और आसमान में बादल छाए रहेंगे। 2-3 दिन पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। तापमान में 8 डिग्री-10 डिग्री तक गिरावट आएगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में पारा 47.6 डिग्री रहा। झांसी में पारा 46एष्ट तक पहुंच गया। जालौन में 45.8 डिग्री, आगरा में 45.5 डिग्री और प्रयागराज में 45.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों पर धोखाधड़ी का केस

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने यह मामला कफ परेड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया है। आरोपियों पर बैंक से 150 करोड़ रुपए का लोन लेकर उसे दूसरे कामों में ट्रांसफर करने और डिफॉल्ट करने का आरोप है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई एक्सिस बैंक के वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश प्रभाकर राव की शिकायत पर की गई है। बैंक का कहना है कि आरोपियों ने बैंक को वित्तीय नुकसान पहुंचाने और धोखाधड़ी करने के इरादे से साजिश रची थी।

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## यूपी-एमपी और राजस्थान सरकारों को फटकार

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया।

■ फर्जी नंबर वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश



अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।

### सिर्फ ड्राइवर नहीं, मालिकों पर भी होगी कार्रवाई

अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि फील्ड लेवल पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

स्थानीय लोगों के रोजगार पर भी जोर कोर्ट ने राज्यों को यह भी सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए विशेष रोजगार योजनाएं और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किए जाएं। साथ ही स्थानीय समुदायों को संरक्षण, वृक्षारोपण, इको-टूरिज्म और निगरानी कार्यों से जोड़ने की संभावनाएं तलाशने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करेगा। इससे पहले अदालत ने 17 अप्रैल को भी अवैध रेत खनन को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि कोर्ट इस मामले में मूक दर्शक नहीं बना रह सकता।

### चंबल अभयारण्य क्यों है खास?

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैला करीब 5400 वर्ग किलोमीटर का संरक्षित क्षेत्र है। यह दुर्लभ घड़ियाल, गंगा डॉल्फिन और रेड क्राउन रूफ टर्टल जैसे संकटग्रस्त जीवों का घर माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहा अवैध खनन इस संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसी को देखते हुए अदालत ने तीनों राज्यों को सख्त और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बस पलटी, एक दरोगा समेत छह की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र क़े अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक

■ वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

■ चालक को झपकी आने से डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी



डबल डेकर बस पलटने से एक सब इंस्पेक्टर, एक कैदी समेत छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं 21 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें तीन सिपाही भी हैं।

हादसे को संज्ञान में लेते हुए सीएम ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतकों के परिवार को उचित मुवाजा दिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार जा रही एक बस के चालक को अचानक झपकी आने से डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेने में जाकर पलट गई। सुबह तकरीबन 4 बजे हुई इस दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर यूपीडा और पुलिस भी पहुंच गई और बचाव अभियान चलाया गया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह भी पहुंच गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से 21 घायलों को डॉक्टरों ने लखनऊ केजीएमयू रिफर कर दिया। पुलिस ने बस को मार्ग से हटवा कर यातायात शुरू कराया। दुर्घटना में मरने वालों में बिहार के जिला सीवान

> "मंगलवार की सुबह करीब 5.30 बजे एक्सप्रेस-वे पर बस पलटने की जानकारी मिली जिसमें 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई एक को सामुदायिक केंद्र से ही छुट्टी दे दी गई वहीं 20 लोगों को लखनऊ के हायर सेंटर रेफर किया गया।
>
> **सोनम सिंह**
> **क्षेत्राधिकारी, सफीपुर**

पुलिस लाइन में तैनात एक सब इंस्पेक्टर रामचंद्र राम और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर भी शामिल है। अन्य मृतकों में विजय गुप्ता, रवि वरन, सूरज जमालाल और पल्लव कुमार शामिल हैं।

## दक्षिणी ईरान में अमेरिका का हवाई हमला

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। दक्षिणी ईरान और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस स्ट्राइक करते हुए ईरानी मिसाइल लॉन्च साइटों और माइन बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह कार्रवाई अपने सैनिकों और युद्धपोतों की सुरक्षा के लिए की गई। खास बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच युद्धविराम और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत जारी है।

# कांग्रेस में अब दलितों की होगी केंद्रीय भूमिका : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दलित अब पार्टी के भीतर एक केंद्रीय भूमिका निभाएंगे, और उन्होंने जाति आधारित क्षेत्रीय दलों के उदय का श्रेय पिछले दशकों

■ पार्टी ने इनके लिए उचित उपाय नहीं किए

में कांग्रेस की अपनी नीतियों को दिया। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस ने 1980 और 90 के दशक के दौरान दलितों के लिए उचित उपाय किए होते, तो न तो जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियां उभरतीं और न ही दलित उनकी ओर आकर्षित होते।




बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने दलित समुदाय को एकजुट करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए बसपा संस्थापक कांशी राम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक साथ क्षेत्रीय दलों को भंग करने और दलितों के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है, जिससे दलितों के खिलाफ अत्याचार बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कांग्रेस दलित अधिकारों की रक्षा करेगी और बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करेगी, साथ ही उन्होंने कहा कि दलित पार्टी में अहम भूमिका निभाएंगे। ठीक एक साल पहले, राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारकिया था कि कांग्रेस ने ओबीसी समुदाय की उपेक्षा की है और इसके लिए माफी मांगी थी। अब उन्होंने दलित समुदाय के बारे में भी इसी तरह की भावना व्यक्त की है। इन के माध्यम से राहुल गांधी दलित और पिछड़े समुदायों के बीच कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने संविधान प्रदर्शित करते हुए रैलियां निकालीं और आरोप लगाया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में संविधान खतरे में है।

# बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री ड्रोन सिस्टम : गृह मंत्री

**बीकानेर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान प्रहरी सम्मेलन में कहा- मैं ऐतिहासिक चौकी सांचू पर आया हूं। मेरे मन में सांचू चौकी को देखने की इच्छा गृहमंत्री बनने से पहले भी थी। 1964 के भारत-पाक युद्ध में सांचू की आबादी 500 से ज्यादा थी।

■ अमित शाह ने सांचू पोस्ट का किया दौरा

आरएसी की चौकी 500 मीटर पीछे रणजीतपुरा गांव में थी। सूचना मिली थी कि सांचू पर कब्जा करने के लिए पाकिस्तान ने शुरुआत की थी। तब 3 आरएसी और 13 ग्रेनेडियर के जवानों ने हमला कर सांचू को भारत की सीमा में रखने का काम किया था। जवानों ने यह जिम्मेदारी निभाई और पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा था। उन्होंने कहा- सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन



रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शाह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हेलिकॉप्टर से सांचू पहुंचे थे। उनके साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी थे। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर की ये सबसे ऐतिहासिक पोस्ट में शामिल है। ये दो बड़ी जंग की गवाह रही है। अमित शाह पहले गृहमंत्री हैं, जिन्होंने इस पोस्ट पर जाकर जवानों से मुलाकात की। उन्होंने यहां से पाकिस्तानी सरहद और जीरो पॉइंट वाला इलाका भी देखा।

## पन्ना में कुआं धंसा, पांच मजदूरों की मौत

**पन्ना।** पन्ना के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा में खेत पर कुएं की खुदाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पांच मजदूरों की मौत हो गई है। बिन्नू अहिरवार के खेत में पिछले करीब 10 दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मिट्टी धंसने से पूरा घटनाक्रम मातम में बदल गया। पन्ना जिले के जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स पर बताया कि अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में मंगलवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन कुआं की मिट्टी धंसने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। दो व्यक्ति सकुशल बाहर निकले गए हैं।

## इबोला : अब तक 220 मौतें, भारत सुरक्षित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस घेब्रेयेसस ने बताया कि इबोला से मरने वालों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है और यह महामारी तेजी से फैल रही है। भारत अभी तक इस खतरनाक संक्रमण से सुरक्षित है। डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन कहती हैं कि यह अंतरराष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। इबोला का एक दुर्लभ स्ट्रेन बंडिबुग्यो फैल रहा है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इस स्ट्रेन के लिए अब तक डायग्नोस्टिक्स, इलाज के विकल्प और टीके विकसित नहीं किए गए हैं।

## ओडिशा के पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा के साथ नई राजनीतिक पारी शुरू करने का फैसला लेने वाले देबाशीष पर बीजद ने स्वार्थ के कारण पार्टी छोड़ने का आरोप लगाया है। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर मैं आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं। ओडिशा में भाजपा के लिए मुझे बहुत काम करना है; मैं पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

**आफत** — एशिया से यूरोप तक गर्मी की मार से जूझ रहे लोग

# ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन जैसे देशों में लू का कहर

**नई दिल्ली।** दुनिया इस समय भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान की चुनौती का सामना कर रही है। भारत में जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है, वहीं यूरोप, एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में भी रिकॉर्डतोड़ गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वैज्ञानिकों और मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अल नीनो और जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव अब पहले से ज्यादा खतरनाक, लंबी और जल्दी आने लगी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, जो गर्मी पहले जून-जुलाई में देखने को मिलती थी, अब वह मई महीने में ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। कई देशों में स्कूलों, खेल आयोजनों और सार्वजनिक गतिविधियों पर असर पड़ा है। कुछ जगहों पर मौतों और स्वास्थ्य संकट की घटनाएं भी सामने आई हैं।




### ब्रिटेन में गर्मी ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड

ब्रिटेन में मई महीने का अब तक का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। देश के मौसम विभाग के अनुसार लंदन के क्यू गार्डन्स में तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने 1922 और 1944 के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी गर्मी आमतौर पर जुलाई या अगस्त में देखने को मिलती है, लेकिन इस बार मई में ही लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग पार्कों, फव्वारों और स्विमिंग पूल का सहारा लेते नजर आए।

### फ्रांस में 350 से शहरों में तापमान का रिकॉर्ड टूटा

फ्रांस में भी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। देश के 350 से ज्यादा शहरों में मई महीने के तापमान के रिकॉर्ड टूट गए हैं। कई इलाकों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सरकार ने कई क्षेत्रों में हाई टेम्परेचर अलर्ट जारी किया है और लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। पेरिस में एक रनिंग इवेंट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अधिकारियों का मानना है कि तेज गर्मी इसका एक बड़ा कारण हो सकती है।

### स्पेन में तापमान 40 डिग्री पहुंचने का अनुमान

स्पेन भी इस समय भीषण हीटवेव का सामना कर रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालात ऐसे हैं कि रात में भी तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा रहा, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल रही।

## संक्षिप्त ख़बरें

### फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रूपये निकालने का आरोप

**परसरामपुर, बस्ती।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जगदीशपुर में स्थित पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान का कूटरचित फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एमडीएम खाते से रुपए एक लाख दस हजार निकाल लेने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान सुमन देवी के मुताबिक पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभाकर तिवारी ने एमडीएम निधि खाते संख्या 2115000100127190 पंजाब नेशनल बैंक शाखा गोपीनाथपुर में संयुक्त रूप से संचालित है। 25 मई 2026 को प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान सुमन देवी का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रुपए एक लाख दस हजार निकाले जाने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने सरकारी दस्तावेज में हेराफेरी, धोखाधड़ी करने और गम्भीर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ वर्मा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है और प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नगर बाजार, बस्ती।** थाना नगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में धोखाधड़ी के मामले में वांछित तीन आरोपियों को मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक विटारा ब्रेजा कार और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत और क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह ने टीम के साथ कार्रवाई की। सुबह करीब 7ः35 बजे फुटहिया ओवरब्रिज के पास लखनऊ-बस्ती मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफाउल्लाह निवासी मिल्लतनगर गांधी नगर थाना कोतवाली बस्ती, फारूक अहमद निवासी रहमतगंज गांधी नगर थाना कोतवाली बस्ती और सलीम निवासी नौगढ़ सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि इनमें से कुछ आरोपियों पर पहले से विभिन्न जनपदों में धोखाधड़ी, चोरी और मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं।

### संगठन की सक्रियता का केंद्र बनेगा भाजपा कार्यालय

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी, संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिला कार्यालय, बस्ती में साप्ताहिक दिनाधिकारी व्यवस्था लागू की गई है। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र द्वारा निर्धारित इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक दिवस के लिए जिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है, जो 1 जून 2026 से अपने निर्धारित दिवस पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भाजपा कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ताकि क्षेत्र से आने वाले कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना जा सके तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**परसरामपुर, बस्ती।** पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने वाले आरोपी इरफान अली उर्फ हनीफ को गिरफ्तार किया । सूत्रों के मुताबिक नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने में कई दिनों से पुलिस को उसकी तलाश थी। थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के नेतृत्व में चली दबिश में आरोपी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार इरफान अली उर्फ हनीफ बहराइच जिले के सुजौली थाना का निवासी है। आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में पहले से पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए तेजी से ठिकाना बदल रहा था, महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा था।

### पूर्व प्रधान के पिता का निधन

**सिन्दुरियां।** विकास खण्ड मिठौरा के ग्रामसभा हरिहरपुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान एवं अधिवक्ता अर्जुन गुप्ता के पिता 82 वर्षीय रामायन गुप्ता का सोमवार की रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र के पूर्व एवं वर्तमान प्रधानों में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान मंगलवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख रणजीत बहादुर सिंह उर्फ पप्पू सिंह तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख राम निवास यादव की उपस्थिति में ग्राम प्रधानों ने शोक सभा का आयोजन किया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर राम सुभग गुप्ता, फूलचंद यादव, मैनुद्दीन अंसारी, गणेश, दयाशंकर पटेल, विश्वनाथ मौर्य, राधे मौर्य, घनश्याम निषाद, चंद्रिका, रामविजय, सुरेंद्र, उमेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### घर का ताला तोड़ की लाखों की चोरी

**परतावल।** वार्ड संख्या दस मोहल्ला शिव नगर में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत परतावल के मोहल्ला शिव नगर निवासी नरेंद्र पटेल इलेक्ट्रॉनिक कार्य से जुड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग रिश्तेदारी में ब्रम्हभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सिसवा के पास रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान घर सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के अनुसार, घर से झुमका, पायल, पौजेब सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो गए हैं। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जब परिवार वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**झुलनीपुर।** सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग की वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा रामचंद्री और लेदी में मंगलवार को वन विभाग द्वारा ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।




इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी सुनील राव ने कहा कि गांव और क्षेत्र को हरा-भरा व स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत हैं और वातावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से पौधारोपण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर सामाजिक अभियान के रूप में अपनाने की अपील की।

डब्ल्यूटीआई के रविंद्र त्रिपाठी ने ग्रामीणों को मानव-वन्य जीव संघर्ष के प्रति जागरूक करते हुए वन्य जीवों की सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में वन दरोगा अशोक सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आरोपी गिरफ्तार

**पटहेरवा।** किशोरी से दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट एवं धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी काफी दिनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसकी तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने वांछित आरोपी रितेश प्रसाद निवासी पटहेरवा टोला हतवा को पटहेरिया चौराहे से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार आरोपी किशोरी से दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट तथा धमकी देने के मामले में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## राहुल निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ (जनपद शाखा - कुशीनगर) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मंगलवार (26 मई 2026) को दोपहर 3ः00 बजे कलेक्ट्रेट कर्मचारीगण के संयुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार आयोजित इस बैठक में आगामी जिला कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न होने तक सर्वसम्मति से नई कार्यवाहक कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया है।

चुनाव अधिकारी द्वारा जारी आधिकारिक कार्यालय ज्ञाप के अनुसार, नई कार्यवाहक कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से बिना किसी विरोध के किया गया, जिसमे कार्यवाहक कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी-कार्यवाहक अध्यक्ष-श्री राहुल कुमार चतुर्वेदी कार्यवाहक वरिष्ठ उपाध्यक्ष- संजय कुमार भारत कार्यवाहक जिलामंत्री मो0 समी हैदर कार्यवाहक संयुक्त मंत्रीअवधेश कुमार श्रीवास्तव कार्यवाहक कोषाध्यक्ष अमीरुल्लाह अं कार्यवाहक संगठन मंत्रीअजय लाल कर्ण, कार्यवाहक संप्रेक्षक



विजय प्रताप कुशवाहा, कार्यवाहक सांस्कृतिक कार्य एवं क्रीड़ा मंत्री अभिषेक सिंह को चुना गया वही दो माह के भीतर कराए जाएंगे आम चुनाव कराने का भी एलान हुआ। संघ के संविधान के नियमों के तहत, यह कार्यवाहक टीम अगले दो महीने के भीतर चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि पूरी पारदर्शिता के साथ नई नियमित कार्यकारिणी का गठन किया जा सके।

इस बैठक और निर्णय की प्रतिलिपि जिलाधिकारी (ष्ठरू) कुशीनगर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, और कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों सहित मीडिया सेल को आवश्यक सूचना एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है।

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**खड्डा(कुशीनगर)।** स्थानीय उपनगर में श्रीमती केडी कोचिंग सेंटर एवं सुपर-60 में मेधावी छात्र-छात्राओं को एक समारोह के बीच सम्मानित किया गया।

उपनगर के सुभाष नगर मुहल्ला स्थित श्रीमती केडी कोचिंग सेंटर एवं सुपर-60 में सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनुष्का (गणित वर्ग), द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आफिया एवं दिवेश कुमार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिवम प्रजापति, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से प्राप्त करने वाली चांदनी एवं पल्लवी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सुधा को मुख्य अतिथि दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप विश्वकर्मा, अधिवक्ता नत्थू शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव, निखिलेश



विश्वकर्मा, प्रांशु तिवारी, विवेक मिश्र ने स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुदीप विश्वकर्मा ने कहा कि सफलता सतत परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।संचालन विवेक मिश्र ने किया। डायरेक्टर नीरज शर्मा (बिहार वाले) ने अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और आभार जताया।

## जनगणना कार्यों की हुई समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ जनगणना कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनगणना कार्यों को सुचारू, सरल एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियो अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत कार्यरत प्रगणक एवं सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे मकान गणना कार्यों की नियमित प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें। जिन क्षेत्रों में कार्य की प्रगति धीमी पाई जाएगी, वहां विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान कर कार्य में गति लाई जाएगी।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निरंतर चार्ज अधिकारियों के संपर्क में रहकर बेहतर कार्य रणनीति तैयार करें, जिससे जनपद को जनगणना कार्यों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हो सके। साथ ही जनगणना कर्मियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को आवश्यकतानुसार पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराने हेतु जनपद के समस्त पेट्रोल पंपों को निर्देशित करते हुए आवश्यक पत्र जारी किया जाए।

### घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**श्यामदेउरवां।** गोधवल चौराहे पर सोमवार सुबह पाँच बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर चाय की दुकान में घुस गई। हादसे में दुकान पर मौजूद कपिल शर्मा (60 वर्ष) निवासी परसिया इंदरपुर घायल हो गए, जबकि बाहर खड़ी तीन बाइक एवं एक साईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घायल बुजुर्ग को गोरखपुर कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां से उनको देर रात हायर सेंटर के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। मंगलवार को सुबह करीब तीन बजे के आसपास उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। चालक कार लेकर फरार हो गया है। वही सोमवार को ही सुबह करीब आठ बजे श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के पिपरपाती पेट्रोल पंप के पास गोरखपुर जनपद के तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घासीकटरा चौकी के नियमतनगर के रहने वाले सोनू (32 वर्ष) का भी देर शाम ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

### उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**बस्ती।** ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शहर के कंपनीबाग स्थित शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भव्य भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देर शाम तक चले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान श्रीराम एवं भोलेनाथ का गुणगान करते रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों और सुंदर भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ÷जय श्री राम÷ और ÷बम-बम भोले÷ के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया तथा भगवान के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की।

## पति समेत चार पर केस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के गगलवा गांव में दहेज उत्पीड़न के मामले में एक विवाहिता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पति समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गोड़इता श्रीराम निवासी संतोष शर्मा ने पटहेरवा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शालू की शादी 3 दिसंबर 2024 को गगलवा निवासी दीपक शर्मा उर्फ आदित्य शर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करते थे तथा मारपीट व अभद्रता करते थे।

पीड़ित के अनुसार पूर्व में भी इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में समझौते के आधार पर 18 मई 2026 को विवाहिता को ससुराल भेजा गया था। आरोप है कि 24 मई की सुबह पति ने फोन कर कहा कि वह उसकी बहन को नहीं रखेगा और उसे ले जाने की धमकी दी। सूचना मिलने पर जब परिजन पहुंचे तो पता चला कि विवाहिता के साथ पति दीपक, ससुर, सास और ननद ने मिलकर बेरहमी से मारपीट की तथा धारदार हथियार से हाथ काट दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। गंभीर हालत में विवाहिता को पहले फाजिलनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित पक्ष ने महिला के निजी अंगों पर भी चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने मामले में पति दीपक शर्मा उर्फ आदित्य शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, गुड्डी व प्रतिभा के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यवसायी ने लगाई न्याय की गुहार

**बस्ती।** तुरकहिया निवासी व्यवसाई विवेक त्रिपाठी पुत्र विपिन बिहारी त्रिपाठी ने क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि तुरकहिया मुहल्ले में विवेक त्रिपाठी ने अपनी पत्नी के नाम से मुहल्ले में भूमि आ0 संख्या 404/ 4 क्रय किया है, उक्त भूमि के बगल से एक रास्ता आबादी क्षेत्र स्थित मोहल्ले में जाता है, प्रार्थी ने अपनी उक्त भूमि पर कुछ रोड़ा अध्धा (ईंट का) गिराया है, जिससे क्षुब्ध होकर प्रार्थी के ही मोहल्ला निवासी महेश शुक्ला पुत्र दूध नाथ शुक्ला एवं मोहित शुक्ला पुत्र अखिलेश शुक्ला, मुन्ना शुक्ल पुत्र ओरी शुक्ल निवासी शिव नगर तुरकहिया थाना कोतवाली जिला बस्ती तथा साथ में कुछ अज्ञात व्यक्ति 26.5.2026 को प्रातः 9.30 बजे प्रार्थी के घर पर चढ़ कर मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देने लगे, प्रार्थी एवं प्रार्थी के पिता आवाज सुनकर बाहर निकले तो अभियुक्त गण जान से मारने की धमकी दी।

## महिलाओं ने रचा इतिहास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** सोमवार को आयोजित राम जी का सोहर कार्यक्रम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में 'पहल संस्था' के तत्वावधान में 2 हजार 5 सौ महिलाओं ने सामूहिक रूप से सोहर गाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर भक्ति, लोक संस्कृति और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान लंदन से आए गिनीज बुक संस्था के प्रतिनिधि श्रीदास ने मंच से विश्व रिकॉर्ड बनने की आधिकारिक घोषणा की। संस्थापक मनीष मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक विश्व रिकॉर्ड नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और महिला शक्ति का सम्मान है। इस मौके पर मनीष मिश्रा ने बस्ती में एक औद्योगिक इकाई स्थापित करने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि इससे करीब 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।



कार्यक्रम में हर्रैया विधायक अजय सिंह, संजय मिश्रा, सतीश त्रिपाठी, संध्या दीक्षित, सत्येंद्र सिंह भोलू, अमित चौबे, विकास उपाध्याय, रामू पाठक, आलोक पांडेय और अभिनव उपाध्याय समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## शिविर में कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पकड़ी, महाराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के चेहरी स्थित आई टी एम इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान में संगठनात्मक ऊर्जा और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश सिंह, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने रात्रि विश्राम किया।



रात्रि में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कलाकार अमित अंजन, बिरहा गायक प्रमोद यादव ,श्यामदेव साहनी मण्डल अध्यक्ष निचलौल अनिल गुप्ता व पूर्व मण्डल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक संगठनात्मक चर्चा और संवाद का दौर चलता रहा।

प्रातःकाल प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत, सेवा भावना और समर्पण को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा समाज के हर वर्ग के बीच संगठन को और मजबूत करें।

### प्रशासक बनाये जाने पर प्रधानों में हर्ष

**मिठौरा।** विकास खण्ड मिठौरा में मंगलवार को ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने के शासनादेश के बाद प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गयी। अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जोशी के नेतृत्व में विकास खण्ड मिठौरा परिसर में प्रधानों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया।

इस दौरान अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जोशी ने कहा कि प्रधानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया है। शासनादेश जारी होने के बाद प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ पटेल के नेतृत्व में



सभी प्रधान एकत्र हुए और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ पटेल ने कहा कि शासन के इस निर्णय का हम सभी ग्राम प्रधान हृदय से स्वागत करते हैं। इससे गांवों में विकास कार्य निर्बाध रूप से चलाते रहेंगे। सभी प्रधानों ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्यामानन्द, सच्चिदानंद मौर्य , बृहस्पति यादव, उमेश सहानी, मुन्नी पटेल, नागेंद्र कुमार, चंद्रमणि, उदयभान, डा. अवध किशोर, नागेंद्र यादव, शेषमणि , अनिल मद्धेशिया, सत्येंद्र गौतम एवं कन्हैया सहानी समेत तमाम प्रधान मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर डीएम सख्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** जनपद में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाने तथा अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कड़े निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध खनन और शासन की योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि डिब्बे में पेट्रोल की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी, जबकि डीजल की बिक्री एक बार में अधिकतम 10 लीटर तक सीमित की जाए। डिब्बे में डीजल केवल संबंधित उपभोक्ता की तहसील सीमा के भीतर ही दिया जाएगा और इसके लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि संदिग्ध और बार-बार तेल खरीदने वाले व्यक्तियों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि उनकी पहचान कर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने एसडीएम और डिप्टी कलेक्टरों के नेतृत्व में विशेष जांच एवं प्रवर्तन टीमें गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अवैध भंडारण, जमाखोरी अथवा नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर तत्काल छापेमारी कर कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान में 1100 किलोलीटर डीजल और 900 किलोलीटर पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को किसानों की जरूरतों को देखते हुए समय से नहरों में पानी छोड़ने के निर्देश भी दिए।

अवैध खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को रात्रिकालीन अभियान चलाने का निर्देश दिया। बिना नंबर प्लेट के संचालित डंपर, लोडर, जेसीबी अथवा अवैध खनन में शामिल किसी भी वाहन को तत्काल सीज करने और संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इसे शासन की प्राथमिकता बताते हुए मिशन मोड में समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित विभागों को शुक्रवार तक कार्ययोजना संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी एसडीएम को भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

# राप्ती नदी में नहाने गए तीन किशोर डूबे, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** राजघाट स्थित राप्ती नदी में मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे में नहाने गए तीनों किशोरों की डूबने से मौत हो गई। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से चलाए गए सर्च ऑपरेशन में देर शाम तीनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, तुर्कमानपुर क्षेत्र के रहने वाले तीन किशोर–निक्कू (15 वर्ष) पुत्र सुनील, सत्ती (15 वर्ष) पुत्र मोहन और इरफान पुत्र फखरुद्दीन–राप्ती नदी में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक गहराई में चले जाने से तीनों डूबने लगे और देखते ही देखते नदी में लापता हो गए।

मौके पर पहुंची प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता मौके पर पहुंचकर पूरे अभियान की निगरानी करते रहे और एनडीआरएफ टीम को तेजी से सर्च ऑपरेशन



चलाने के निर्देश दिए।

शुरुआत में एनडीआरएफ टीम ने काफी प्रयास के बाद दो किशोरों–निक्कू और सत्ती–के शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद तीसरे किशोर इरफान की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रखा गया। देर शाम टीम को सफलता मिली और इरफान का शव भी बरामद कर लिया गया। तीनों किशोरों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। फिलहाल, पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सरयू नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

**गोला।** नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर-5 विसरा निवासी एक अधेड़ की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह नदी किनारे उनका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विसरा निवासी सुरजभान यादव (58) पुत्र अम्बिका यादव खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार अपराह्न वह घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात भर परिजन नदी किनारे समेत अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह पुनः खोजने के दौरान परिजन सरयू नदी के विसरा तट पर पहुंचे, जहां नदी में एक शव उतराता दिखाई दिया। करीब जाकर देखने पर शव की पहचान सुरजभान यादव के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटनास्थल के पास नदी किनारे मृतक के कपड़े पड़े मिले तथा वहां पैर फिसलने के निशान भी दिखाई दिए। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि स्नान के दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए होंगे, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्वकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन पुत्रियां हैं और तीनों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नगर निगम सदन में हंगामा, देरी से पहुंचे अधिकारी तो भड़के पार्षद

### सम्भव कार्यक्रम के बीच बुलाई बैठक पर उठे सवाल, शोक प्रस्ताव के बाद सदन स्थगित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** नगर निगम का सदन मंगलवार को शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया। निर्धारित समय सुबह 11 बजे की बजाय बैठक साढ़े 11 बजे शुरू होने पर पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। नगर आयुक्त और महापौर के देर से सदन हाल में पहुंचते ही पार्षदों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान करार दिया।

करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद जब अधिकारी सदन में पहुंचे, तो पार्षदों ने एक स्वर में विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि जब पार्षद समय से उपस्थित हो सकते हैं, तो अधिकारियों को भी समय की पाबंदी का पालन करना चाहिए। पार्षद रवींद्र सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि ÷अपमान के बल पर सदन नहीं चलेगा,÷ और चेतावनी दी कि यदि यही रवैया रहा तो सदन चलाना मुश्किल हो जाएगा।

सदन में एक और बड़ा मुद्दा उस समय उठा जब पार्षदों ने ÷सम्भव÷ कार्यक्रम को लेकर सवाल खड़े किए। हर मंगलवार को आयोजित होने वाला ÷सम्भव÷ कार्यक्रम उसी समय नीचे सभागार में चल रहा था, जबकि ऊपर सदन हाल में बैठक बुलाई गई थी। पार्षदों ने आरोप लगाया कि एक ही समय पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखकर अधिकारियों को ÷सम्भव÷ में व्यस्त कर दिया गया, जिससे सदन की कार्यवाही प्रभावित हुई। पार्षदों ने कहा कि यह प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। जब सदन की बैठक निर्धारित थी, तो अधिकारियों की उपस्थिति सदन में सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। लेकिन इसके उलट अधिकारी नीचे कार्यक्रम में व्यस्त रहे और सदन में देरी से पहुंचे। इसे पार्षदों ने सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ बताया।

इसके अलावा, पूर्व पार्षद रोजा खातून (हुमायूंपुर) के निधन के बाद सदन का मिनट्स जारी न किए जाने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। पार्षदों ने इसे असंवेदनशीलता करार देते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि के निधन के बाद यह न्यूनतम औपचारिकता होती है, जिसे नजरअंदाज किया गया। साथ ही, पूर्व नगर आयुक्त के महराजगंज में जिलाधिकारी बनने के बाद हुए विदाई समारोह की सूचना पार्षदों को न दिए जाने पर भी सवाल उठाए गए। पार्षदों का कहना था कि यह नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का उदाहरण है। लगातार बढ़ते विरोध के बीच अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। उन्होंने दोनों मामलों में नगर निगम की ओर से हुई चूक को स्वीकार करते हुए सदन में खेद व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी गलतियां नहीं दोहराई जाएंगी।

हालांकि, पार्षदों का आक्रोश पूरी तरह शांत नहीं हो सका। माहौल इतना गरमा गया कि आगे की कार्यवाही जारी रखना संभव नहीं रहा। इसके बाद सदन में पूर्व पार्षद रोजा खातून की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

मौन के उपरांत बैठक को स्थगित कर दिया गया। इस तरह, अहम मुद्दों पर चर्चा होने से पहले ही सदन की कार्यवाही समाप्त हो गई।

आज की घटना ने नगर निगम की कार्यशैली, समय प्रबंधन और प्रशासनिक तालमेल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्षदों ने साफ कहा कि यदि समय की पाबंदी और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई, तो ऐसे टकराव आगे और बढ़ सकते हैं। यह घटनाक्रम प्रशासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान और सदन की गरिमा को नजरअंदाज करना अब भारी पड़ सकता है।

# मुतवल्लियान कमेटी ने सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बकरीद का त्योहार 28 मई को मनाए जाने को लेकर इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी महोदय की अनुपस्थिति में एटीएम सिटी से मिला और 14 सूत्री ज्ञापन जिला अध्यक्ष सैयद इरशाद अहमद के नेतृत्व में सौंपा और समय से पूर्व समस्याओं को हल करने का अनुरोध किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि शहर के सभी ईदगाहों व प्रमुख मस्जिदों के आसपास सफाई व पथ प्रकाश की विशेष व्यवस्था किया जाए भीषण गर्मी के कारण सभी ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास पानी का टैंकर के साथ-साथ पानी का स्टॉल भी लगाया जाए सभी सामूहिक कुर्बानी स्थल के आसपास पर्याप्त मात्रा में टाली लगाकर मलवा को पूरी तरह ढक कर ले जाया जाए सफाई का मुकम्मल व्यवस्था हो विद्युत की आपूर्ति 28, 29, 30, 24 घंटा लगातार जारी रखा जाए शहर को विद्युत कटौती से मुक्त रखा जाए पानी की सप्लाई लगातार



जारी रहे कुर्बानी के जानवरों को शहर में आने से कहीं रोक न जाए कुर्बानी के जानवरों की जहां पर बाजार लगती है वहां पर भी सफाई की विशेष व्यवस्था व पानी का इंतजाम किया जाए बकरीद को सकुशल सम्पन्न कराने में अदनान फर्रुख शाह मियां साहब सज्जादानशीन इमामबाड़ा स्टेट से जिला प्रशासन के अधिकारी व नगर निगम के अधिकारी एक बैठक जरूर कर ले तथा उनकी भी मदद लिया जाए जिला प्रशासन के अधिकारी व नगर निगम के अधिकारी सभी ईदगाहों व प्रमुख मस्जिदों का दौरा समय से पूर्व करके ताकि अगर कोई समस्या हो तो समय से हल कराया जा सके बकरीद का पर्व जिला प्रशासन के गाइडलाइन से के अनुसार ही समा संपन्न होगा। महासचिव हाजी सोहराब खान ने कहा कुर्बानी के जानवर की तस्वीर मोबाइल पर वायरल ना करें ना फोटो डालें बकरीद की कि नमाज 5.30 से शुरू होकर 10.30 बजे तक चलेगी और कुर्बानी तीन दिन तक चलती रहेगी ईदगाह कमेटी व मस्जिद कमेटी से यह अपील है कि गर्मी को देखते हुए पानी का स्टाल जरूर लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद इरशाद अहमद महासचिव हाजी सोहराब उपाध्यक्ष वसीम इकबाल कबीर अली आफताब अहमद शकील शाही मोहम्मद अनीस एडवोकेट डॉक्टर जावेद कैश अख्तर मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कुलपति प्रो. अनुपमा ने संभाला कार्यभार

**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो अनुपमा कौशिक शर्मा ने आज सुबह विश्वविद्यालय के पांचवें कुलपति



के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कुलपति के रूप में उनका कार्यभार ग्रहण करना ऐतिहासिक है क्योंकि मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज के समय से विश्वविद्यालय बनने के बाद अब तक किसी महिला के हाथ में संस्थान की कमान नहीं रही है। सम्भवतः प्रदेश के राजकीय तकनीकी संस्थानों में भी अब तक कोई महिला कुलपति या निदेशक नहीं रही है।

## रोजगार सृजन में हुई वृद्धि

**गोरखपुर।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 1.87 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का आंकड़ा पार कर लिया है। नई दिल्ली स्थित गांधी दर्शन, राजघाट कार्यालय में केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वित्त वर्ष 2025-26 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए बताया कि पिछले 12 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत तथा रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र से लगभग 2.04 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। वहीं उत्पादन बढ़कर 1,25,296 करोड़ रुपये और बिक्री 1,87,105 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को दिया।

# वीडियो वायरल करने के आरोप में युवक धराया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता का अश्लील वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा गोला वार्ड नंबर 18 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री का विवाह बीते 1 मई को मधुबन थाना क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुआ था। विवाह के बाद विदाई होकर वह ससुराल चली गई थी। 21 मई को युवती वापस मायके पहुंची और परिजनों को बताया कि मोहल्ले का एक युवक उससे पूर्व में प्रेम प्रसंग रखता था तथा लगातार फोन कर दबाव बनाता और ब्लैकमेल करता था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद भी आरोपी युवक मोबाइल फोन के जरिए युवती को परेशान करता रहा और बातचीत करने का दबाव बनाता था। विरोध करने पर उसने युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कुछ दिनों बाद आरोपी ने कथित तौर पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देने लगा।

थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना झंगहा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनीष सिंह पुत्र स्वर्गीय रामकुमार निवासी फुटहवाइनार शत्रुधनपुर थाना चौरी-चौरा जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार थाना झंगहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 283/2026 में दहेज हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 80(2), 85, 115(2), 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी, जिसके बाद परिजनों ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था।

# तेल विपणन कंपनियां निर्बाध ईंधन आपूर्ति कर रही सुनिश्चित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इंडियनऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल -देश भर में परिचालन और लॉजिस्टिक्स समन्वय जारी रखे हुए हैं ताकि कई क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक और तीव्र वृद्धि के बावजूद पेट्रोल (एमएस), डीजल (एचएसडी) और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

हाल के दिनों में, ओएमसी ने कई राज्यों में मौसमी कृषि गतिविधियों और कटाई कार्यों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की उल्लेखनीय रूप से अधिक खपत देखी है। अन्य आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में कम कीमत के कारण खुदरा ग्राहकों के सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा आउटलेट्स की ओर रुख करने और संस्थागत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के खुदरा ईंधन आउटलेट्स की ओर स्पष्ट रुझान के कारण भी अतिरिक्त मांग का दबाव उत्पन्न हुआ है।

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी अपने टर्मिनलों, डिपो, पाइपलाइनों, एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों और खुदरा आउटलेट्स के व्यापक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं। आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन और चुनिंदा खुदरा आउटलेट्स बाजारों में निर्बाध उत्पाद आवागमन और समय पर पुनःपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 24×7 कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए राज्य प्रशासन के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए हुए हैं। तेल उद्योग उपभोक्ताओं को आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां स्टॉक की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रही हैं और बढ़ी हुई मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए रसद और वितरण योजना पर घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर रही हैं। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य खरीदारी जारी रखें और अनावश्यक रूप से घबराकर खरीदारी करने से बचें।

उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध है कि वे ईंधन की उपलब्धता से संबंधित सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## वाहन चोर धराया

**गोरखपुर।** चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत गीडा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिससे हाल ही में हुई चोरी की घटना का खुलासा हो गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुग्रीव साहनी पुत्र गुड्डु साहनी निवासी फलमंडी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना गीडा में मु0अ0सं0 207/2026 के तहत मुकदमा दर्ज था, जिसमें धारा 303(2) भा.न्या.सं. के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही थी। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) की बढ़ोतरी भी की गई है। घटना के संबंध में बताया गया कि 21 अप्रैल 2026 को वादी की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना गीडा पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

# अयोध्या घूमने गए युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा भीटी रावत निवासी 19 वर्षीय युवक आदित्य कनौजिया की ट्रेन हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आदित्य कनौजिया पुत्र रमेश कनौजिया 25 मई 2026 को अपने छह दोस्तों के साथ अयोध्या घूमने के लिए निकला था। सभी युवक मगहर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर यात्रा पर गए थे। परिजनों को दोस्तों द्वारा सूचना दी गई कि यात्रा के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से आदित्य की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आदित्य पढ़ाई में काफी मेहनती था। उसने इंटरमीडिएट के साथ आईटीआई की शिक्षा भी प्राप्त की थी और आगे बेहतर भविष्य बनाने की तैयारी कर रहा था। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिवार पूरी तरह टूट गया है। आदित्य अपने परिवार में एकमात्र भाई था और पांच बहनों में सबसे छोटा था। उसकी सभी बहनों की शादी हो चुकी है। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां शर्मिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता रमेश कनौजिया गहरे सदमे में हैं। गांव के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि आदित्य स्वभाव से बेहद मिलनसार और शांत प्रवृत्ति का युवक था। उसकी असमय मौत से हर कोई स्तब्ध है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## धरना - प्रदर्शन स्थगित

**बडहलगंज।** गोरखपुर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न चरणों की वार्ता में स्पष्ट लिखित आश्वासनोपररांत कैम्प कार्यालय पर आयोजित आपात बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध 26 मई से प्रस्तावित अनिश्चित कालीन धरना - प्रदर्शन को ग्रीष्मावकाश तक के स्थगित किया जाता है । बैठक में प्रदेश मंत्री/जिलाध्यक्ष तारकेश्वर शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री संजयराज सिंह, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र उपाध्याय, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष ईश्वर चन्द्र शुक्ल,, मंडल मीडिया प्रभारी रणधीर प्रताप शाही, मंडल कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह. जिला महामंत्री त्रिपुरारी दूबे, ज़िला कोषाध्यक्ष शिवरतन निषाद, अनूप दूबे, अजय कन्नौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# राहगीरों में बांटा गया शीतल जल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से श्री सेठ लक्ष्मी प्रसाद सेवा ट्रस्ट एवं लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल की ओर से गोला बाजार के मुख्य चौराहे पर निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आने-जाने वाले सैकड़ों राहगीरों, यात्रियों और वाहन चालकों को ठंडा एवं स्वच्छ जल पिलाकर राहत पहुंचाई गई।



प्रदेश में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित है। ऐसे में ट्रस्ट द्वारा लगाए गए जल सेवा शिविर ने राहगीरों को काफी राहत दी। दोपहर के समय तापमान चरम पर होने के बावजूद ट्रस्ट के कार्यकर्ता राहगीरों को रोक-रोक कर शीतल जल पिलाते रहे। वहीं, गुजरने वाले वाहनों को रोककर भी लोगों तक पानी पहुंचाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विद्यालय संरक्षक गिरधारी लाल स्वर्णकार तथा विद्यालय प्रबंधक भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि शास्त्रों में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य और मानव सेवा का श्रेष्ठ कार्य माना गया है। विद्यालय प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना केवल सेवा नहीं, बल्कि ईश्वर की सच्ची आराधना है। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में ट्रस्ट एवं विद्यालय के सदस्य शिवशंकर पंडित, सुशील शुक्ला, लवकुश प्रजापति, मुकेश कुमार तिवारी, शुभम मिश्रा, अभिषेक यादव, आकाश सिंह, दिनेश मिश्रा, राजेन्द्र राय, विष्णु प्रजापति, दीपक कलौजिया, अखिलेश सिंह तथा अमरेश चन्द्र मिहिर सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# कार में आगजनी करने वाले दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के मैरियागढ़ विष्णु मंदिर निवासी अंकित उपाध्याय पुत्र तंगुनाथ उपाध्याय सोमवार को सुबह पौने आठ बजे परिजन को लेकर शहर में शॉपिंग करने गए थे। परिजन को घर पर छोड़कर चालक नंदन पांडेय निवासी नगवा थाना गीडा कार लेकर घर आ थे थे। नगवा के पास गाड़ी ओवरटेक को लेकर मनबढ़ो ने चालक की जान मारने की नीयत से हमला करते हुए कार पर पेट्रोल छिड़कर आग के हवाले कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर घटना में शामिल कपिल सिंह, शुभम् सिंह, श्रेयांश सिंह, विशाल सिंह, सुनील सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास, आगजनी का केस दर्ज कर अभियुक्तों तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को प्रभारी



निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय मय फोर्स संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि हत्या के प्रयास और आगजनी के अभियुक्त कपिल सिंह पुत्र राम प्रसाद सिंह,विशाल सिंह पुत्र गिरिजाशंकर सिंह निवासी नगवा थाना गीडा अपने घर पर मौजूद थे। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मंडलायुक्त ने राज्य विश्वविद्यालय एवं रिंगरोड परियोजना का किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के साथ जनपद में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय एवं निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के विभिन्न निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास भवन का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि फिनिशिंग कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा विश्वविद्यालय के लोकार्पण से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान उन्होंने स्टाफ आवास, फैकल्टी आवास, लाइब्रेरी भवन, लिफ्ट इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल वर्क, पेंटिंग कार्य, पेयजल व्यवस्था, सीवर सिस्टम, सडक एवं परिसर विकास कार्य, अग्निशमन एवं आपदा सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित विभिन्न निर्माणाधीन सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, भवनों की संरचनात्मक मजबूती तथा तकनीकी मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की। मंडलायुक्त ने विश्वविद्यालय परिसर में ड्रेनेज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने परिसर में साफ सफाई, सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जनपद एवं मंडल के उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा, इसलिए सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्वाइंट 3.800 एवं प्वाइंट 5.400 पर निर्माणाधीन कलवर्ट कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को बारिश प्रारंभ होने से पूर्व एप्रोच कार्य सहित सभी आवश्यक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि रिंगरोड परियोजना जनपद की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा शहरी विकास को गति देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य पूर्ण करने हेतु स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा परियोजना को निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एनएच विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिग्री के अलावा एक अच्छा इंसान होना आवश्यक : जेपी पाण्डेय



**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के छात्र- छात्राओं ने मंगलवार को महाविद्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर को उपहार भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जेपी पाण्डेय व विभागध्यक्ष डॉ रमेश शुक्ल ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि जब आप सभी ने पहली बार इस कॉलेज में कदम रखा था। आपकी आँखों में बडे-बडे सपने और कुछ कर गुजरने की उत्सुकता थी। इन तीन या चार वर्षों में आपने न केवल किताबी ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि जीवन के अनमोल सबक भी सीखे हैं। आपने यहाँ दोस्ती, अनुशासन, हार-जीत और एक बेहतर इंसान बनने की कला सीखी है। जीवन मे डिग्री के साथ साथ एक बेहतर कल को बनाने के लिए एक अच्छा इंसान होना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष डॉ रमेश शुक्ल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप लोग कुछ ऐसा करेंगे जिससे आपके परिवार के साथ साथ हम सभी को गर्व होगा। डॉ बी एल गुप्त ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिवम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल (पी.जी) का खिताब गौरी मिश्रा तथा मिस्टर फेयरवेल का खिताब रोहन पटवा को प्राप्त हुए। इसी कडी में मिस फेयरवेल (यु.जी) का खिताब सारिका और अक्षरा को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। इसी के साथ मिस्टर इवनिंग का खिताब विश्वजीत को तथा मिस इवनिंग का खिताब दीपशिखा को प्राप्त हुआ।

## खबर एक नजर

### सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के झींगुर गांव निवासी पवन मिश्र ने 25 मई को तहरीर देकर शिकायत किया,कि कॉमेडियन सचिन नामक सोशल मीडिया आईडी से देवी-देवताओं व एक विशेष समुदाय के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक वीडियो व टिप्पणियां प्रसारित की जा रही है,जिससे क्षेत्र मे तनाव का माहौल है।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी सचिन गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता निवासी पुरमई सुल्तानपुर व देवी दीन गौतम पुत्र राम स्वरूप गौतम निवासी सोभई का पुरवा थाना संग्रामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

### दारोगा की तहरीर पर 17 लोगों पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**पट्टी कोतवाली के रायपुर वन पुरवा गांव में राजपति यादव व नवीन कुमार यादव के बीच जमीनी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह हुई खूनी संघर्ष मे दोनों पक्ष से लोग लहूलुहान हो गए।एसआई सरनाम सिंह की तहरीर पर मारपीट सहित गंभीर धाराओं मे 17 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई।गांव के राजपति यादव राजमणि प्रीति यादव अतुल यादव अखिलेश यादव पूनम यादव विमलेश यादव विमल यादव कुसुम यादव मालती यादव मोटू यादव नवीन कुमार यादव वीरेंद्र प्रसाद यादव शारदा यादव विशाल यादव अरविंद यादव मनोज यादव पर मामला दर्ज किया है।एसआई रोहित यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।घायलों का मेडिकल कराया जा चुका है।

### ज्येष्ठ मंगलवार पर राहगीरों को शरबत का वितरण

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**ज्येष्ठ माह के मंगलवार के अवसर पर बाबागंज ब्लॉक के लखपेड़ा बाजार में श्री देव ऑटो मोबाइल के प्रोपराइटर धीरेंद्र पांडे के सौजन्य से राहगीरों को शरबत पिलाया गया।इसी तरह संग्रामगढ़ बाजार के व्यवसाई असरफी लाल वैश्य व उनके पुत्र सौरभ वैश्य ने भंडारे का आयोजन किया।भक्तों ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया।

### युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना के जगापुर निवासी मूल चंद गुप्ता 34 पुत्र स्व श्याम लाल ने घर के अन्दर पंखे मे रस्सी के फंदे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर लिया है। घटना के समय वह घर मे अकेला था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।जानकारी के अनुसार मृतक के भतीजे शिवम गुप्ता को इंस्टाग्राम पर शिव शक्ति नामक आईडी से मैसेज मिला कि उसके चाचा ने फांसी लगा ली है।मृतक ठेले पर लाई-चना बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता था।वह पत्नी ज्योति व दो बच्चों के साथ रहता था।बताया जा रहा है कि दो दिन पहले पत्नी और बच्चों को मायके छोड़कर आया था और तब से घर में अकेला रह रहा था।

### पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़,चार गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** दूध के दांत साबित टूटे नही है और मोटर साइकिल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है।पुलिस ने मोटर साइकिल चोर गिरोह का भड़ाफो? करते हुए तीन नाबालिग व एक बालिग को तीन मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह मय हमराह ने आरोपी सागर पटेल पुत्र राकेश कुमार पटेल निवासी हरखपुर को गिरफ्तार किया है।उसके साथ तीन बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया है,जबकि मांधाता के अकोढीया का तीसरा आरोपी आरिफ फरार है।ग्राम खूझी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दिया था,कि 20 मई की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान उसके रिश्तेदार की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई।घटना की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई,तो पुलिस पूछताछ मे आरोपी एवं बाल अपचारियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मिलकर विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी किया है।आरोपियों के अनुसार एक बाइक खूझी गांव से,दूसरी जेठवारा थाना के लक्ष्मीगंज,तीसरी सुल्तानपुर जनपद से चोरी की है।चोरी की मोटर साइकिलों को बेचने के लिए दूसरे शहर ले जा रहे थे,तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।बरामद तीन मोटर साइकिल में से एक बाइक थाना मान्धाता मे दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई,जबकि अन्य दो बाइकें जेठवारा एवं सुल्तानपुर क्षेत्र से चोरी होने की पुष्टि हुई है।पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

### जमीन विवाद में परिवार पर जानलेवा हमला

**स्वतंत्र भारत संवाद बीरापुर प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना के हरिपालमऊ गोपालपुर निवासी अरविंद यादव (पत्रकार) पुत्र माताफेर ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि पड़ोसी से जमीन को लेकर पूर्व में समझौता हुआ था,उसी को लेकर 25 मई की दोपहर ढाई बजे पीड़ित पुराने घर से वापस आ रहा था तो विपक्षीगण सुरेश कुमार,राजेंद्र यादव,जंग बहादुर पुत्रगण भागीरथी व प्रेम कुमार,बृजेश यादव पुत्रगण राम खेलावन व बृजेश यादव का पुत्र विवेक यादव व पत्नी शिमला व बेटी लाडो आदि ने घेरा बन्दी कर रोक लिया और भद्दी गालियां देने लगे।पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस समझा बुझाकर चली गई।पुलिस के आने से खिन्न होकर विपक्षियों ने 26 मई की सुबह योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित को भूसा लेकर आते देख लाठी डंडा ईंट पत्थर लेकर दौड़ा लिया और ईंट पत्थर फेंक कर मारा जिससे सिर में गंभीर चोट लग गई।पीड़ित ने शोर मचाया तो बचाव करने आए घर के लोगों पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

# अधिवक्ताओं का अन्दोलन तेज, सौंपा ज्ञापन



**उतरौला/बलरामपुर।** सिविल कोर्ट के स्थगन आदेश होने के बावजूद अधिवक्ता की निजी भूमि पर सरकारी निर्माण कार्य जारी रखने से नाराज अधिवक्ताओ ने मंगलवार को तहसील संघभवन में एक बैठक कर अपना आंदोलन तेज करने का ऐलान कर दिया। अध्यक्ष प्रह्लाद यादव व महा मंत्री रवि शंकर मिश्रा के नेतृत्व में हुई बैठक में सर्वसम्मति से आर- पार की लडाई लडने का निर्णय ले लिया है अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य बहिष्कार के चलते मंगलवार को विभिन्न न्यायालयों में लगे 544 मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी है। भीषण गर्मी में पैरवी के लिए पहुंचे वादकारी मायूस होकर अपने घर लौट गए हैं। बैठक के बाद अध्यक्ष प्रह्लाद यादव व मंत्री रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में सैकडों अधिवक्ता निर्माण स्थल पर पहुंचे और शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरा न अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार वीरेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा। ज्ञापन में न्यायालय के स्थगन आदेश का अनुपालन कराने, जबरन निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने और यदि भूमि ली जा रही है, तो समुचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। प्रदर्शन की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। बैठक में निर्माण कार्य रुकने तक चरण बद्ध आन्दोलन चलाने का निर्णय भी लिया गया है। सदस्यों ने जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर अपना रोष व्यक्त किया। यह तय हुआ कि स्थानीय व जिला प्रशासन के कृत्यों से शासन को अवगत कराने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ जाकर सरकार से मिलेगा। अध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने कहा कि अधिवक्ता शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रखेंगे। महामंत्री रवि शंकर मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कि जरूरत पडने पर चक्का जाम और अनशन जैसे शांति पूर्ण कदम भी उठाए जाएंगे। पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य पर सरकार की तानाशाही को बताया। प्रदर्शन में सुशील कुमार श्रीवास्तव, सुमित कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार आरिफ खान,अखिलेश यादव, रशिम सिंह, निजाम अंसारी, मारुति नंदन गुप्त, रवि गुप्त, लालजी मिश्र, शमशाद चौधरी,विक्की मोहित कुमार श्रीवास्तव शुभम गुप्त, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी विजय प्रकाश, रमेश चतुर्वेदी, ओपी श्रीवास्तव, श्वेता सिंह के अलावा भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नवीन नामांकन अभियान में जिला अव्वल, 50 हजार से अधिक बच्चों का हुआ नवीन नामांकन

**बलरामपुर।** जिले में शिक्षा के स्तर को सुदृढ करने तथा शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालयों से जोडने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष नवीन नामांकन अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जनपद के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप चालू शैक्षिक सत्र में 50 हजार से अधिक नवीन नामांकन दर्ज किए गए हैं , जो कि पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के 15 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव प्राथमिक शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के आकांक्षी जिले में 50 हजार से अधिक बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण इस बात का प्रमाण है कि शिक्षकों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया तथा बच्चों को विद्यालय से जोडने का कार्य किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इन शिक्षकों ने अपने विभागीय दायित्वों से आगे बढकर कार्य किया है तथा अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ ड्रॉप आउट दर में भी कमी आएगी। नवीन नामांकन अभियान के आंकडों के विश्लेषण के आधार पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों से सर्वाधिक नवीन नामांकन करने वाले निम्नलिखित विद्यालयों को सम्मानित किया गया।

# भांजे को हवालात की सैर कराना मानिकपुर पुलिस को पड़ा महंगा, एडीजी ने दिए जांच के आदेश

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**पड़ोसी से मामूली विवाद को लेकर पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए निर्दोष को ही हवालात की सैर करवाया।इतना ही नही रंगबाज ने 5000 ऑन लाइन रंगदारी वसूलने के बाद चलानी रवानगी कर डाली।पुलिसिया रौब व निर्दोषों पर कहर कोई नया नही है, इनका तो पुराना हथकंडा है।पीड़ित के भांजे ने रंगबाज खाकी वालों की अकड़ ठिकाने लगाने के लिए एडीजी जोन प्रयागराज से साक्ष्यों के साथ शिकायत कर दिया।भांजे ने रंगबाज खाकी का खेल बिगाड़ दिया।एसएचओ के खिलाफ जांच का आदेश देते हुए थानेदारी पर हंटर चला दिया।जांच प्रभावित न होने पाए, इसलिए एसपी ने तत्काल प्रभाव से एसओ को मानिकपुर से हटाकर जेठवारा भेज दिया।एसओ जेठवारा को मानिकपुर थाने की कमान सौंप दिया।एडीजी की कार्रवाई से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है।मानिकपुर थाना के दुलुवामई निवासी लल्लन प्रसाद पुत्र राजबहादुर का पड़ोसी सुरेश चंद्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए लल्लन प्रसाद व उसकी मां फूला देवी को हवालात मे डाल दिया।जानकारी होने पर रायबरेली जनपद के ऊंचाहार थाना के इटौरा बुजुर्ग निवासी लल्लन का भांजा रंजीत कुमार पुत्र विनोद कुमार लल्लन की पत्नी को लेकर मानिकपुर थाना पहुंचा,जहां पर पुलिस ने पति व सास के साथ उसको भी अंदर कर दिया।आधी रात 12 बजे सास व बहू को पुलिस ने तो छोड़ दिया,लेकिन लल्लन के भांजे रंजीत कुमार को हवालात मे ही बंद रखा।पुलिस ने डरा धमकाकर मुकदमा समाप्त करने के बहाने रंजीत के मोबाइल से आरएस पेट्रोलपंप के नाम 5000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिया।उसके बाद दूसरे दिन जेल भी भेज दिया।

# तहसीलों में 5 से 3 वर्ष पुराने मामलों का जल्द निस्तारण करें अधिकारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**कलेक्टर अभिषेक पाण्डेय के द्वारा कैम्प कार्यालय सभागार मे क र - क र ेत्ता र , आईजीआरएस,जनगणना,स्थानान्तरण नीति व राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाले मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने राजस्व न्यायालयों मे लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए।उन्होंने विशेष रूप से धारा-24 व धारा-116 के प्रकरणों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी टीम के साथ कार्य योजना तैयार करें और नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित मामलों को समाप्त करें।उन्होंने अंश निर्धारण से संबंधित मामलों में भी तेजी लाने को कहा तथा निर्देशित किया कि जनता को न्याय दिलाने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।स्थानान्तरण नीति की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों मे पटल परिवर्तन,लेखपालों के स्थानान्तरण की प्रक्रिया 31 मई तक हर हाल में पूरी कर ली जाए।आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के बारे में क?ी चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न निभाई जाए,बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।नगरीय निकायों की समीक्षा में स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरीय निकायों की धनराशि केवल नगरीय क्षेत्रों के विकास कार्यों में ही खर्च की जाए।यदि किसी ग्रामसभा मे नगरीय निकाय का धन खर्च किया गया तो संबंधित ईओ के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में कराए जाने वाले सभी विकास कार्यों के शिलापट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य रूप से अंकित किए जाए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सभी शराब दुकानों के सामने लगे होर्डिंग्स की मानक साइज की जांच कर पांच दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि दुकानों के सामने कोई व्यक्ति शराब का सेवन करते हुए न मिले तथा आसपास गंदगी न फैले।जनगणना कार्यों की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी नैन्सी सिंह द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

# फर्जी अस्पतालों और क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई




**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक डॉ. थानेदार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रूपईडीहा में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों और पैथोलॉजी केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच संस्थानों को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान मानकों और आवश्यक दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर लाइफ केयर हॉस्पिटल, केयर पैथोलॉजी, राय क्लीनिक, जे जे क्लीनिक तथा मर्सी पॉली क्लीनिक को सील कर दिया। विभाग का कहना है कि बिना पंजीकरण और बिना निर्धारित मानकों के संचालित संस्थानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में सबसे गंभीर मामला राय क्लीनिक का सामने आया। जांच के दौरान क्लीनिक में न तो वैध पंजीकरण मिला और न ही आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जा सके। सूत्रों के अनुसार क्लीनिक संचालक डॉ. सुकांत राय का रजिस्ट्रेशन तक नहीं था, इसके बावजूद मरीजों का इलाज किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि आयुर्वेदिक पद्धति से जुड़े होने के बावजूद क्लीनिक में एलोपैथिक उपचार किया जा रहा था। मरीजों को इंजेक्शन लगाए जा रहे थे तथा ग्लूकोज की बोतलें चढ़ाई जा रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामूली बुखार से लेकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज बिना विशेषज्ञता के किया जा रहा था, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गलत दवाओं, दूषित सुई अथवा बिना प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से गंभीर संक्रमण, एलर्जी, लकवा, किडनी फेल्योर और जानलेवा रिएक्शन जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। क्षेत्रीय लोगों ने सवाल उठाया कि बिना पंजीकरण और बिना योग्यता के ऐसे क्लीनिक लंबे समय तक कैसे संचालित होते रहे। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे संस्थानों के खिलाफ केवल सीलिंग की कार्रवाई ही नहीं, बल्कि धोखाधड़ी और लोगों की जिंदगी खतरे में डालने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाए।

# जेठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर रूपईडीहा में जगह-जगह भव्य भंडारों का आयोजन

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा में जेठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ जगह-जगह भव्य भंडारों का आयोजन किया गया। पूरे कस्बे में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। साकेत नगर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरिश्चंद्र ÷बंटू भैया÷ एवं डॉ. यशपाल चंद्र ÷गोपी भैया÷ द्वारा अपने आवास के सामने भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान की आरती ÷जय हनुमान ज्ञान गुण सागर÷ से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भक्तजन ÷जय श्रीराम÷ और ÷जय बजरंगबली÷ के उद्घोष के साथ प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। आयोजकों द्वारा प्रेमपूर्वक श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में भी बड़े मंगलवार के अवसर पर पंडाल लगाकर भंडारे आयोजित किए गए। स्टेशन रोड, डाकखाने के सामने, एचडीएफसी बैंक के पास, रामलीला चौराहा, चकिया रोड, गुड़गुड़ डेरी के सामने, पेट्रोल पंप, पचपकड़ी, पोखरा एवं गोकुलपुर समेत कई स्थानों पर आने-जाने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारे में नगर के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर सेवा कार्य में सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने बड़े मंगलवार के इस पावन अवसर पर भक्ति, सेवा और समर्पण के साथ आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक उत्सव का आनंद लिया।



# प्रयागराज मंडल में सघन चेकिंग अभियान : एक दिन में रिकर्ड 51.50 लाख जुर्माना



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा वातावरण उपलब्ध कराने तथा टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रयागराज मंडल द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ कोचिंग, हरिमोहन के निर्देशन में दिनांक 25 मई, 2026 को प्रयागराज मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में व्यापक स्तर पर टिकट जांच की गई। इस विशेष अभियान में टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 51.50 लाख का जुमार्ना वसूल किया गया, जो मंडल की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सुदृढ़ टिकट चेकिंग व्यवस्था का परिणाम है।

इस अभियान में स्क्वाड स्टाफ द्वारा 22.14 लाख, अमेनिटी स्टाफ द्वारा 21.71 लाख तथा स्टेशनरी स्टाफ द्वारा 7.60 लाख की आय अर्जित की गई। मंडल द्वारा टिकट जांच व्यवस्था में निरंतर सुधार, अधिकतम कोच मैनिंग सुनिश्चित करने तथा नियमित सघन जांच अभियान चलाने के कारण यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है।

अभियान के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन भी देखने को मिले। छूटेश कुमार मीणा ने सर्वाधिक व्यक्तिगत टिकट चेकिंग आय अर्जित करते हुए 103 मामलों में 66,900 की वसूली सुनिश्चित की। यह उपलब्धि टिकट चेकिंग स्टाफ की कार्यनिष्ठा, सतर्कता एवं समर्पण को दशार्ती है।

प्रयागराज मंडल राजस्व संवर्धन के साथ-साथ यात्रियों में वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत माह सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले 5 स्क्वाड स्टाफ एवं 5 अमेनिटी स्टाफ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया था।



## उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया संविदा कर्मियों को सम्मानित

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से दिनांक 26.05.2026 को स्पन्दन क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में रेलगाँव कॉलोनी, सूबेदारगंज में कार्यरत हार्टिकल्चर विभाग में संविदा पर कार्यरत महिलाओं, पुरूषों एवं समय-समय पर संगठन को सहयोग देने वाले कुल 41 कर्मचारियों को श्रीमती हिमा चौहान सिंह, अध्यक्षा महोदया के द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन की सचिव साधना कुमार, सुप्रिया सिन्हा, श्रुति सचान, श्रद्धा शुक्ला, रेणु पोनिया, श्रीमती रजनी चन्द्रायन, राखी द्विवेदी, आयुषी भटनागर, स्वेता सिन्हा, भावना सिंह एवं युसरा यूसुफ उपस्थित रहीं।

## नगर निगम के नव-निर्मित सदन हॉल और विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रयागराजवासियों का जताया आभार

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम के नव-निर्मित सदन हॉल और विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा प्रयागराज वासियों के प्रति मैं आभारी हूँ कि महाकुंभ में 45 दिनों तक प्रयागराज वासियों के आवागमन बाधित रहा, लेकिन किसी भी प्रयागराज वासी ने कभी कोई विरोधी स्वर नही उठाया। ऐसा लगता था जैसे उनके घर का कार्यक्रम हो। विकास तभी होता है,जब सार्वजनिक कार्यक्रमो को, इस प्रकार के बड़े आयोजनों लोग अपना मानते हैं, तब विकास होता है। आज उत्तरप्रदेश जिन



विकास की ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है, यह इसी भाव को ध्यान में रखकर हो रहा है,जब जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तब हम सफल हो पाए। अगर जनता जनार्दन का आशीर्वाद नही मिलता तो क्या यह संभव था!

## प्रो. अजय कुमार जेटली बने इविवि के डीन कॉलेज डेवलपमेंट

**प्रयागराज।** दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार जेटली को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता कॉलेज विकास (डीन कॉलेज डेवलपमेंट) नियुक्त किया गया है। जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने बताया कि कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के अनुमोदन के बाद कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। प्रो. अजय कुमार जेटली वर्तमान में विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के चैयरमैन हैं। इसके साथ ही देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के दृश्यकला विभाग के बोर्ड आफ स्टडीज में बतौर विषय विशेषज्ञ शामिल हैं। प्रो. अजय कुमार जेटली इविवि के वरिष्ठ शिक्षकों में गिने जाते हैं।



प्रो. अजय कुमार जेटली

## दो सगे भाई समेत 08 लोग हुए गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम में जिला बदर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 3(3) के अन्तर्गत कुल 08 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिए है जिला मजिस्ट्रेट ने दिनेश सेन पुत्र चम्पा सेन निवासी ग्राम-हटवा अब्बासपुर थाना-महेवाघाट को 06 माह के लिए जिला बदर किया है। इसी प्रकार उन्होंने मनीष सेन पुत्र चम्पा सेन निवासी ग्राम-हटवा अब्बासपुर थाना-महेवाघाट को 06 माह के लिए,रिंकू सरोज पुत्र रामदास सरोज निवासी ग्राम-औरेनी थाना-कडाधाम को 06 माह के लिए,अलीशान पुत्र मोईनउद्दीन निवासी ग्राम-किशुनपुर अम्बारी थाना-सराय अकिल को 03 माह के लिए,विक्रम सिंह उर्फ विक्कू पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम-फरीदपुर औधन थाना-पिपरी को 06 माह के लिए,सोनू यादव पुत्र महेन्द्र यादव उर्फ अध्दा यादव निवासी ग्राम-अलीगंज थाना-कोखराज को 06 माह के लिए,मो0 फैसल उर्फ एसेन पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम-मोहल्ला चक हिंगुई कस्बा व थाना-करारी को 06 माह के लिए एंव समर सिंह यादव पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम-कोटिया का पूरा मजरा भरसवां थाना-मंझनपुर को 06 माह के लिए जिला बदर किया है।

## मैरिको ने हेयर क्लींजिंग सेगमेंट में प्रवेश किया

**वाराणसी :** पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू के लॉन्च के साथ अपनी इनोवेशन पर केंद्रित विकास की रणनीति को आगे बढ़ाया भारत की अग्रणी एफ.एम.सी.जी कंपनियों में से एक, मैरिको लिमिटेड ने आज पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च किया, जिससे हेयर केयर के सेगमेंट में ब्रांड की पहुँच मजबूत हुई है। इस नए प्रोडक्ट के साथ कंपनी ने हेयर क्लींज़िंग श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। यह नई प्रोटीन शैंपू रेंज हेयरकेयर में ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों के गुण प्रदान करती है। मैरिको लिमिटेड के सी.ई.ओ इंडिया कोर बिजनेस, आशीष गोपाल ने कहा मैरिको द्वारा यह लॉन्च पिछले कुछ सालों में कैटेगरी का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह प्रोडक्ट पैराशूट एडवांस्ड कोकोनट के गुणों को हेयर-क्लींज़िंग फॉर्मेट में लेकर आया है। शैंपू के क्षेत्र में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य प्रकृति पर केंद्रित समाधानों की ओर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह लॉन्च एक उद्देश्यपूर्ण और कोकोनट पर आधारित इनोवेशन के प्रति मैरिको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# केबल बदलने के लिए मांगी रिश्वत, ग्रामीणों का आरोप मेजा में बिजली विभाग के जेई पर लगे गंभीर आरोप

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा में बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार को ग्राम पंचायत पौसिया दुबे की महिलाओं और ग्रामीणों ने जर्जर तारों की समस्या और केबल बदलने के लिए पैसे मांगने के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अवर अभियंता प्रमोद कुमार यादव और दो लाइनमैन पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।पौसिया दुबे गांव की अनीता,शांति देवी,नीलम देवी,मुल्का देवी, विनीता देवी, संगीता देवी,चमेला देवी,रामकुमारी सहित शिव शंकर, गौरी शंकर और भोला ने बताया कि उनके इलाके में दो महीने से केबल जला हुआ है।इसे बदलने के लिए जेई प्रमोद कुमार यादव और लाइनमैन नसीम व वीरेंद्र द्वारा पैसे की मांग की जा रही है।भीषण गर्मी में बिजली न होने से ग्रामीण परेशान हैं।

शिकायत लेकर महिलाएं अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचीं, लेकिन अधिशासी अभियंता उनसे बिना मिले ही चले गए। महिलाओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके।इसी तरह डेलौहा गांव के दिनेश पटेल ने आरोप लगाया कि आंधी से उनका केबल टूट गया था। इसे जोड़ने के लिए जेई प्रमोद कुमार यादव,लाइनमैन नसीम और वीरेंद्र ने 40,000 रुपये की मांग की थी,जिसमें से उन्होंने 35000 रुपये दिए थे। दिनेश पटेल के पास इस लेनदेन की रिकॉर्डिंग भी है।बाद में उन्हें पता चला कि उनके खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर जुमार्ना लगाया गया है। जब वह अधिशासी अभियंता के पास गए, तो उन्हें डांटकर भगा दिया गया।गांव की ही उर्मिला देवी पत्नी अवध नारायण ने बताया कि जेई प्रमोद कुमार यादव ने उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। उन्हें नोटिस मिलने पर पता चला कि उन पर मीटर से बाईपास करने का आरोप है। उर्मिला देवी ने अधिशासी अभियंता को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाले व्यक्ति ने खंभे से मीटर तक केबल छोटी होने के कारण उसे जोड़कर लगाया था, इसी को लेकर उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है।अधिशासी अभियंता अभिनव गर्ग ने उर्मिला देवी की शिकायत पर कहा कि मीटर की रसीद लेकर आओ सही होगा तो मुकदमा वापस करा दिया जाएगा है बाबू नवनीत ने पीड़िता उर्मिला को कहा कि दो दिन बाद आना मुकदमा वापस का नोडिज दे दूंगा दो दिन बाद जब गई तो बाबू नवनीत ने कहा कि आपको जुमार्ना सहित जमा करना होगा,इस पर कोई सुनवाई नहीं होगी सुनवाई न होने पर पीड़ित ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने की बात कही है।

## पांडेश्वर नाथ धाम मंदिर के फर्श पर बिछाया गया मैटी दरी

**खबर का असर**

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला में मंदिर के फर्श में पत्थर लगा होने के कारण भीषण गर्मी में पत्थर गर्म हो गया है जिससे दर्शनार्थियों के लिए परेशानी का सबक बन गया था। शिव भक्त जो दर्शन करने आते थे पैर की एंडी उठाकर मंदिर में जाते थे।पैरों में छाला पड़ जा रह था। जिसकी खबर को स्वतंत्र भारत अखबार ने प्रमुखता से एक सप्ताह पहले छापा था। उस खबर को पढ़कर वसुधा फाउंडेशन के अध्यक्ष मैथिली सिंह ने मंगलवार को अपने सहयोगी भोले गिरी के साथ मिलकर पूरे मंदिर प्रांगण में मैटी को बिछवाया मैटी को बिछने से मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं ने उनको धन्यवाद दिया और बताएं कि अब किसी भी शिव भक्त और आए हुए मंदिर में श्रद्धालुओं का पैर में छाले नहीं पड़ेगा।आराम से सभी दर्शन करेंगे। पांडेश्वर नाथ धाम में इस समय मलमास का पर्व चल रहा है जो दिन भर निशान चढ़ाने वालों और दर्शन करने वालों का ताता लगा रहता है । क्षेत्र के वासियों ने मंदिर की समस्या की खबर को



स्वतंत्र भारत अखबार में छापने के लिए धन्यवाद दिए।

## हनुमान मंदिर में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से भंडारा प्रसाद का किया गया वितरण

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** ज्येष्ठ मंगल (बड़ा मंगल) के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को हाईकोर्ट स्थित न्यायविद हनुमान मंदिर में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव की ओर से भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी की ओर से भी मंदिर में शरबत और भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का अयोजन हुआ। संगीतकार सुशील द्विवेदी की टीम के सुंदरकांड पाठ से हनुमान भक्त भाव विभोर हो उठे। पूजन मंदिर के पुजारी आदित्य तिवारी ने कराया। इस मौके पर वरिष्ठ



अधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव, अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव कक्कड़, अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, विभु राय, रुपेश सिंह, सी एस दुबे, अभिषेक दुबे, विवेक त्रिपाठी, नवीन पांडेय, मनीष द्विवेदी, पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार, हिमांशु, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एड-ए-मम्मा ने आईपी सिगरा मॉल, वाराणसी में शुरू किया अपना नया स्टोर

**स्वतंत्र भारत वाराणसी।** बच्चों के लिए पर्यावरण-अनुकूल (सस्टेनेबल) कपड़ों और लाइफस्टाइल ब्रांड, एड-ए-मम्मा ने वाराणसी के आईपी सिगरा मॉल में अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (EBO) शुरू किया है। यह लॉन्च प्रमुख बाजारों में ब्रांड के लगातार हो रहे रिटेल विस्तार को दशार्ता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए कमर्शियल हब्स और बेहतरीन संभावनाओं वाले टियर-2 शहरों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाना है। अभिनेत्री और बिजनेसवुमन आलिया भट्ट द्वारा शुरू किया गया एड-ए-मम्मा अब परिवारों के लिए एक पसंदीदा ब्रांड बन गया है। इसकी शुरूआत बच्चों के पर्यावरण-अनुकूल कपड़ों से हुई थी, लेकिन अब यहाँ माँ बनने वाली महिलाओं के कपड़े, खिलौने, किताबें, और छोटे बच्चों की देखभाल के प्रोडक्ट्स (बेबी केयर) भी मिलते हैं। ब्रांड का हर प्रोडक्ट 'नेचर-फर्स्ट' (प्रकृति को प्राथमिकता देने वाली) सोच पर आधारित है, जो शुरूआती उम्र से ही बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और सचेत रहने के लिए प्रेरित करता है ताकि बच्चे बचपन से ही पर्यावरण से प्यार करना सीखें। वाराणसी में यह नया स्टोर खुलने से ग्राहकों के लिए खरीदारी करना आसान हो जाएगा। ब्रांड के लिए ऑफलाइन यानी सीधे दुकान से खरीदारी का अनुभव बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे लोग ब्रांड को बेहतर तरीके से जान पाते हैं, भरोसा बढ़ता है और वे चाहे दुकान से हो या ऑनलाइन बार-बार खरीदारी करते हैं। प्राकृतिक चीजों से बने और आरामदायक डिजाइन वाले प्रोडक्ट्स के साथ, एड-ए-मम्मा ऐसी चीजें बनाता है जो बच्चों के लिए सुरक्षित, समझदारी भरी और हमारे पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन में स्थित कार्यालयों पटलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन में स्थित कार्यालयों पटलों का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जिलाधिकारी ने रिकॉर्ड रूम, नजारत, कोषागार, संग्रह अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार एवं वरिष्ठ लेखा लिपिक अनुभाग आदि कार्यालयों/ पटलों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं रखी जाए। पत्रावलियों का निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए, कोई भी पत्रावली लम्बित न रखा जाय। फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण किया जाए। अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित तरीके से किया जाये।



## इविवि के प्रो. सूर्य भान सिंह बने अधिष्ठाता छात्र कल्याण

**प्रयागराज।** राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. सूर्य भान सिंह को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) नियुक्त किया गया है। जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने बताया कि कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के अनुमोदन के बाद कुलसचिव प्रो. आशीष खरे की ओर से प्रो. सूर्य भान सिंह की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। प्रो. सूर्य भान सिंह प्रतिष्ठित ताराचंद छात्रावास के अधीक्षक भी रहे हैं। वह पूर्व में उत्तराखंड ओपन यूनवर्सिटी में सहायक परीक्षा नियंत्रक (असिस्टेंट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन) और सह परीक्षा नियंत्रक (डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन) भी रहे हैं।



## प्रयागराज में 'सुकून-ए-सरबत' सेवा अभियान सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** Robin Hood Army की ओर से गीता निकेतन मंदिर के पास भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के लिए सरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने सरबत ग्रहण कर राहत महसूस की। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुँचाना एवं समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना रहा। आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को गर्मी से बचाव एवं पर्याप्त पानी पीने के लिए भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम के प्रमुख प्रायोजकों में नीलम गुप्ता, अवनीश, देविका, माया द्विवेदी, अक्षत जायसवाल, मनीष कोमल, गरगी, कैफ तथा अभिलाष क्रांति का विशेष सहयोग रहा। सभी सहयोगकताओं ने सामाजिक सेवा के इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



स्थानीय लोगों ने Robin Hood Army के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## कौशाम्बी मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोशिएशन के अध्यक्ष बने बचन सिंह

**अन्य पदों की खबर लिखे जाने तक मतगणना जारी रही**

**कौशाम्बी।** जनपद में मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ था। इस चुनाव में कुल 1026 रजिस्टर्ड मतदाता थे जिसमें 807 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर किया था। मंगलवार को मतगणना शुरू हुई,इस मतगणना में अध्यक्ष पद के चुनाव का परिणाम आ चुका है बाकी पदों के लिए मतगणना अभी भी जारी है। अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित लगभग 11 पदों के लिए मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोशिएशन का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ था। इनमें से दो पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए



थे निर्विरोध चुने गए पदों में एक प्रकाशन मंत्री और एक कनिष्ठ उपाध्यक्ष शामिल हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सोमवार की शाम तक कुल 806 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया था। जिसकी मतगणना मगंलवार सुबह 10 बजे शुरू हुई। वहीं मंगलवार की शाम 4 बजे अध्यक्ष पद का परिणाम आया जिसमें बचन सिंह अध्यक्ष घोषित किये गये अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही समर्थकों ने माला पहना कर स्वागत किया और ढोल नगाड़े के साथ समर्थकों ने विजयी जूलूस निकाला।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि मै अपने जीत का श्रेय अपने सभी अधिवक्ताओं को देता हूँ जिन्होंने मुझे अपनी सेवा के लिए मुझे चुना है। मेरी प्राथमिकता यह है कि बार स्वच्छ रहे बार बेंच का सहयोग बना रहे बार का खाता बैंक में खुलने का पूरा प्रयास किया जाएगा और सभी अधिवक्ताओं के हित का बराबर ध्यान रखा जायेगा।

सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रही। सीओ सदर शिवांक सिंह व सीओ सिराथू सत्येन्द्र तिवारी सहित मंझनपुर कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह सुरक्षा का जायजा लेते रहे।बाकी पदों का परिणाम शाम 8 बजे तक आयेगा। खबर लिखे जाने तक मतगणना अभी भी जारी है।

# कृषि को तकनीक से जोड़कर करें कमाई इन कोर्सेज से मिलेगी भविष्य को ऊंचाई

*वर्तमान समय में कृषि स्नातकों के लिए पारंपरिक कृषि योग्यताएं ही पर्याप्त नहीं हैं। तकनीकी से कृषि का क्षेत्र भी अछूता नहीं है। इसलिए बेहतर उत्पादकता और करिअर की बेहतर संभावनाओं के लिए कृषि पेशेवरों को उभरती हुई आधुनिक कृषि तकनीकों को जानने की जरूरत आन पड़ी है। प्रेसिजन एग्रीकल्चर कृषि की आधुनिक तकनीक है, जिसमें सैटेलाइट इमेज, ग्रिड सैंपलिंग, परिवर्तनीय-दर प्रौद्योगिकी (वीआरटी), सेंसर, ड्रोन, एआई और ब्लॉकचेन सहित कई उन्नत तकनीकों का कृषि में उपयोग करना सिखाया जाता है।*



यह पारंपरिक कृषि ज्ञान को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर कृषि उत्पादकता को बेहतर बनाती है। साथ ही कृषि कुशल पेशेवरों के लिए नए कॅरिअर के अवसर भी प्रदान करती है। अगर आप भी कृषि स्नातक हैं, तो प्रेसिजन एग्रीकल्चर के ज्ञान के साथ आप बेहतर कॅरियर संभावनाओं की तलाश कर सकते हैं। **कोर्सेज-** पारंपरिक खेती के तरीकों की अच्छी समझ के लिए आप कृषि में स्नातक करने के अलावा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से प्रेसिजन एग्रीकल्चर में सर्टिफिकेट कोर्स और उडेमी, कोर्सेरा, स्किल इंडिया और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़े ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। आप चाहें तो इग्नू से एक वर्ष का पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा एग्रीबिजनेस और नेशनल स्कूल ऑफ ओपन स्कूलिंग, चौधरी चरण सिंह विवि आदि से प्लांट प्रोटेक्शन में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। इससे आप कृषि में आधुनिक तकनीकों जैसे जीपीएस सिस्टम, ड्रोन, मृदा सेंसर और डाटा विश्लेषण टूल का उपयोग करना सीख पाएंगे। **व्यावहारिक अनुभव-** आप कृषि तकनीक का उपयोग करने वाले खेतों में इंटर्नशिप या तरीके से कृषि उत्पादन करने वाली कंपनियों में काम करके व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि वास्तविक खेती में आधुनिक तकनीक और टूल्स का इस्तेमाल किस तरह से किया जाता है। इसके अलावा कृषि मंचों में शामिल हों और कृषि सम्मेलनों या ऑनलाइन समूहों में भाग लें। इससे आपको क्षेत्र के विशेषज्ञों से जुड़ने और उनके अनुभवों से सीखने में मदद मिलेगी। साथ ही आपकी नेटवर्किंग भी बढ़ेगी।



# ग्रेजुएशन कर चुके युवा डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं कॅरियर

युवाओं के लिए हमेशा से रोजगार एक बड़ा मुद्दा रहा है। एक सर्वे के मुताबिक देश में कॉलेज पास करने वाले हर दो युवाओं में सिर्फ एक युवा ही रोजगार के योग्य है। करीब 48.75 फीसदी युवा रोजगार के योग्य नहीं हैं। ऐसे में युवाओं के पास बीए, बी.एससी. बी.कॉम की डिग्री होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिल रही हैं। इसलिए आप डिग्री के अलावा अन्य स्किल्स पर भी काम कर सकते हैं। एक सर्वे के मुताबिक मौजूदा कर्मचारियों में करीब 50 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। क्योंकि आज के समय में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी में हर कंपनी में डिजिटली काम होने लगा है। वहीं साल 2026 तक देश को करीब 3 करोड़ से अधिक डिजिटली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो आप प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग और एडवांस सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सहायता ले सकते हैं। बता दें कि यह दोनों ही प्रोग्राम भविष्य में रोजगार को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट द्वारा तैयार किए गए हैं। इन कोर्स को घर बैठे कोई भी युवा, प्रोफेशनल, छात्र या गृहिणी कर सकते हैं। जिससे वह बड़े पैकेज की नौकरियां पा सकते हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज के लिए रजिस्टर कर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

बनाएं अपना कॅरिअर : अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं और करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में युवा कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप घर बैठे खुद को किसी फील्ड का प्रोफेशनल बनाकर अपने करियर को एक दिशा दे सकते हैं।

### कोर्स के फायदे

- 100 घंटे की लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेज
- 25+ लाइव प्रोजेक्ट्स एवं केस स्टडीज
- 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग
- एक्सपर्ट द्वारा इंटरव्यू प्रिपरेशन
- ई-बुक्स, प्रोग्राम नोट्स और मॉक टेस्ट
- गूगल सर्टिफाइड मेंटर्स द्वारा पढ़ाई
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 100त्न प्लेसमेंट अपॉरचुनिटी
- 40+ लर्निंग टूल्स
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

## कॅरियर अलर्ट

### कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के 3,951 पदों पर सीधी भर्ती

यदि आप कंप्यूटर साइंस या सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री धारक हैं और राजस्थान में एक प्रतिष्ठित सरकारी शिक्षक के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सीनियर और बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के कुल 3.951 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल यानी 25 मई 2026 से शुरू हो चुकी है। **पदों की डिटेल्स-** इस व्यापक भर्ती अभियान के माध्यम से राजस्थान सरकार राज्य के दो प्रमुख शिक्षा विभागों के स्कूलों में आईटी शिक्षा को सुदृढ करेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग में सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए 300 पद आवंटित किए गए है (गैर-अनुसूचित क्षेत्र के लिए 268 और अनुसूचित क्षेत्र के लिए 32 पद)। संस्कृत शिक्षा विभाग के स्कूलों के लिए सीनियर कप्यूटर इस्ट्रक्टर के 22 पद निकाले गए है (गैर-अनुसूचित क्षेत्र के लिए 20 और अनुसूचित क्षेत्र के लिए 02 पद)। इस प्रकार सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के कुल 322 पदों पर भर्ती की जाएगी, जबकि शेप 3,629 पद बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए रखे गए है।

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में विभिन्न पदों पर भर्ती

देश की प्रतिष्ठित महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले युवाओं के लिए एक बेहद शानदार और बड़ी भर्ती निकाली है। सेल द्वारा यह भर्ती यंग प्रोफेशनल के विभिन्न पदों के लिए निकाली गई है। इस विशेष भर्ती अभियान के तहत चयनित होने वाले योग्य उम्मीदवारों को 1.40 लाख रुपये प्रति माह तक भारी-भरकम सैलरी दी जाएगा। यह भर्ती मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में स्थित सेल के तीन प्रमुख विंग - दुर्गापुर स्टील प्लांट. आईआईएससीओ स्टील प्लांट और अलॉय स्टील प्लांट के लिए की जा रही है, जहां कुल मिलाकर 48 रिक्त पदों को भरा जाएगा। **शैक्षणिक योग्यता और जरूरी पात्रता-** उम्मीदवार के पास देश के किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज या यूनिवर्सिटी से फुल-टाइम B.E. या B. Tech की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार के ग्रेजुएशन में कम से कम 65% अंक होने आवश्यक हैं। यह इंजीनियरिंग डिग्री मुख्य रूप से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कोर विषयों में होनी चाहिए। जिन उम्मीदवारों के पास बीई-बीटेक के अलावा M.E./M.Tech, एमबीए या उससे उच्च डिग्री मौजूद है. उन्हें चयन प्रक्रिया में अतिरिक्त वरीयता (लाभ) दी जा सकती है।

### स्पेशल टीचर पदों पर निकली भर्ती

राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं और विशेष शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एक शानदार अवसर सामने आया है। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रथम श्रेणी स्कूल लेक्चरर (स्पेशल एजुकेशन) भर्ती 2026 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 121 रिक्त पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 01 जून 2026 से शुरू होने जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि- 30 जून 2026 (रात 12-00 बजे तक)।

# एफिलिएट मार्केटिंग में बनाएं अपना कॅरियर

आज के दौर में मार्केटिंग के कई तरीके तेजी से चलन में आ रहे हैं। हर तरफ कंपनियां अपना व्यवसाय लोगों तक पहुंचाने की जुगत में लगी हुई हैं। मौजूदा समय में सैकड़ों मोबाइल एप भी कंपनियों के व्यवसाय को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं और एप कंपनियां लाखों रुपये महीना कमाई भी कर रहीं हैं। दरअसल ये एप्स एफिलिएट मार्केटिंग के जरिए ग्राहकों को एप के जरिए वेबसाइट पर लेकर जाते हैं जहां ग्राहक उत्पाद खरीदता है। इसी तरह लाखों लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम व ट्विटर पर 5 हजार से अधिक फॉलोअर होने पर एफिलिएट मार्केटिंग कर कमाई कर रहे हैं। या फिर आपके पास एक लंबी ई मेल लिस्ट है तो भी आप एफिलिएट मार्केटिंग करके लाखों रुपए कमाने का रास्ता खोल सकते हैं। इनमें से कोई योग्यता नहीं है तो आपको डिजिटल मार्केटिंग टेक्नीक्स सीखनी होंगी। अगर आप बेरोजगार हैं और एफिलिएट मार्केटिंग में अपना करिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के जरिए ऐसा कर सकते हैं। अभी तक सैकड़ों युवाओं ने सफलता के Master Digital Marketing Course के जरिए एफिलिएट मार्केटिंग में अपना शानदार करिअर बनाया है।




**ये भी सीखें -**
**एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग**
**डिजिटल मार्केटिंग ई बुक**
**ऐसे करें एफिलिएट मार्केटिंग**

शुरूआत में आप Amazon Affiliate, Filpkart Affiliate, Snapdeal Affiliate, Clickbank, Commission bank और E-bay जैसी वेबसाइट्स के साथ जुड़कर काम शुरू कर सकते हैं। इसमें आप कंपनियों के उत्पाद को अपने सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनेल या वेबसाइट में लिंक डालकर उस उत्पाद को अपने फॉलोअर तक पहुंचा सकते हैं। यदि कस्टमर उस लिंक से उत्पाद या सर्विस की खरीदारी या उपयोग करता है तो आपको उसके बदले कमीशन प्राप्त होगा। अगर आपके पास जानकारी होगी तो इसमें आप अच्छे पैसे कमा सकते हैं।

**किन उत्पादों पर मिलता है ज्यादा कमीशन -** हमें यह समझना होगा की हर तरह की सेवा या उत्पाद के लिए अलग - अलग कमीशन प्राप्त होता है। जैसे आप अगर फैशन और लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट पर एफिलिएट मार्केटिंग कर रहे हैं तो इनके जरिए आपको ज्यादा कमीशन मिलाता है वहीं टेक्निकल उत्पाद की मार्केटिंग पर कमीशन दर कम होती है।

**सफलता एक्सपर्ट्स के साथ सीखें एफिलिएट मार्केटिंग**
वर्तमान में डिजिटल मार्केटिंग तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। इस सेक्टर में परफेक्ट बनकर लंबे समय तक जमे रहने और अधिक से अधिक लोगों तक एफिलिएट मार्केटिंग के जरिए पहुंच बनाने के लिए आपको सफलता के साथ जुड़ना चाहिए।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अफ्रीका दिवस मनाया जाता है?
(क) 22 मई
(ख) 23 मई
(ग) 24 मई
(घ) 25 मई
**उत्तर-(घ)**

2. हाल ही में बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स की पहली ऑल-वुमन पर्वतारोहण टीम ने मिशन वंदे मातरम के तहत किस चोटी की सफलतापूर्वक चढ़ाई की है?
(क) कंचनजंघा
(ख) के 2
(ग) एवरेस्ट
(घ) मकालू
**उत्तर-(ग)**

3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लॉन्च किये गए भारत के पहले स्वदेशी 300 ज्ञद्व यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम का क्या नाम है?
(क) प्रलय
(ख) सूर्यास्त्र
(ग) निर्भय
(घ) पृथ्वी 1
**उत्तर-(ख)**

4. निम्न में से किसे राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) राघव चड्ढा
(ख) महेश पाठक
(ग) अनुराग ठाकुर
(घ) स्मृति ईरानी
**उत्तर-(क)**

5. निम्न में से किसे केरल विधानसभा का 25 वां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) रथींद्र बोस
(ख) रणजीत कुमार दास
(ग) गद्दाम प्रसाद कुमार
(घ) तिरुवंचूर राधाकृष्णन
**उत्तर-(घ)**

# डिजिटलीकरण के चलते भविष्य में इन क्षेत्रों में नहीं होगी नौकरियों की कमी

दुनिया डिजिटलीकरण के चलते तेजी से बदल रही है। पिछले कुछ वर्षों में डिजिटलीकरण के चलते ऑनलाइन जॉब्स तेजी से उभरकर सामने आई हैं। इसका सीधा फायदा कंपनी को होता कि कोई भी कहीं से भी अपने वर्क को पूरा कर सकता है। इसी के चलते आने वाले कुछ वर्षों में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां ऑनलाइन जॉब्स की भरमार के चलते जॉब्स के ढेरों अवसर उत्पन्न होंगे। **कंटेंट क्रिएटर्स :** आज क्षेत्र चाहे मेडिकल, इंजीनियरिंग का हो या टीवी, मीडिया, Youtube, Facebook, X या Instagram का हो हर किसी को कंटेंट क्रिएटर्स की जरूरत होती है। बड़े से लेकर छोटे ब्लॉगर तक, छोटी से लेकर बड़ी कंपनियों को अपने प्रोडक्ट के प्रचार के लिए भी इनकी जरूरत होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आगे भी जॉब्स की भरमार रहेगी। बस आपको इस क्षेत्र में जाने के लिए किसी एक भाषा (हिंदी या अंग्रेजी) पर बेहतर पकड़ रखनी होगी। अगर दोनों भाषाओं का ज्ञान है तो और भी बेहतर है बस गलतियां न करते हों। सोशल मीडिया मैनेजर : जिस प्रकार किसी प्रोडक्ट को प्रचारित करने के लिए कंटेंट आवश्यक है वैसे ही आज का जमाने में लोगों तक उसे पहुंचाने के



लिए सोशल मीडिया मैनेजर जरूरी हैं। इसलिए कंटेंट राइटर्स के साथ ही सोशल मीडिया मैनेजर की जॉब्स भी बनी रहेंगी। गेम स्ट्रीमर : डिजिटलीकरण के चलते गेम इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए आपको कोई आधिकारिक डिग्री या डिप्लोमा की भी आवश्यकता नहीं है, जरूरत है तो बस आपकी गेम्स के ऊपर पकड़। अगर आप दो-चार गेम्स भी बेहतर खेल सकते हैं तो ऑनलाइन गेम स्ट्रीमिंग बेहतर विकल्प है। इससे आप खुद को बिना किसी की ज्यादा मदद के स्थापित कर सकते हैं।

# विदेश में है नौकरी की चाहत तो ऐसे बनाएं अपना रिज्यूमे

हर युवा विदेश में नौकरी करने का सपना देखता है। कुछ लोग विदेश में नौकरी करने के लिए कई सालों तक इंटरव्यू देते हैं। लेकिन कई बार सालों तक ट्राई करने के लिए भी विदेश से इंटरव्यू के लिए कॉल नहीं आता है। विदेश में नौकरी पाने के लिए सबसे ज्यादा अपने रिज्यूमे पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि जब आपका रिज्यूमे सही से बना होगा, तभी आपको नौकरी के लिए कंपनी से कॉल आ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं, रिज्यूमे बनाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। **वर्क एक्सपीरियंस :** रिज्यूमे में वर्क एक्सपीरियंस सही तरीके से लिखना है। आपने किस कंपनी में क्या काम किया है क्या सीखा है। इसके बारे में विस्तार से लिखें। क्योंकि कंपनी की तरफ से आपको कॉल तभी आएगी, जब आपका रिज्यूमे दमदार होगा। इसलिए आपको अपना वर्क एक्सपीरियंस बहुत अच्छे से लिखना चाहिए। **एजुकेशन :** रिज्यूमे में अपनी एजुकेशन के बारे में विस्तार ले लिखना चाहिए। तभी आपको इंटरव्यू के लिए कंपनी की तरफ से कॉल आएगा। अपनी एजुकेशन क्वालिफिकेशन में यह भी लिखें कि आपके कितने मार्क्स आए थे, क्योंकि कई कंपनियां आपके मार्क्स भी देती हैं। स्किल्स : रिज्यूमे में अपनी स्किल्स के बारे में आप जो लिखते हैं, उसी से संबंधित आपसे सवाल किए जाते हैं। ऐसे में आपको अपनी स्किल्स को लेकर काफी ध्यान देना चाहिए। आपको उन चीजों के बारे में ही लिखना चाहिए, जो आपको आता है। अगर आपको कोई चीज नहीं आती होगी और आपने इसके बारे में रिज्यूमे में लिखा है, तो जब आपसे इंटरव्यू के दौरान इससे जुड़े सवाल पूछे जाएंगे, तो आप उसका जवाब नहीं दे पाएंगे।

## प्रोफेशनल नेटवर्किंग बढ़ाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

करियर ग्रोथ के लिए समय-समय पर एम्प्लॉय को वक्त के साथ खुद को अपडेट करने के साथ एक चीज और बेहद जरूरी है और वह है प्रोफेशनल नेटवर्किंग, क्योंकि यही एक क्वालिटी है, जो जितनी ज्यादा मजबूत होगी, उतनी तेजी से आप सक्सेस की सीढ़िया चढ़ते जाएंगे। डेटा भी इस बात की तस्दीक करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, लिंक्डइन सर्वे में लगभग 80 प्रतिशत प्रोफेशनल्स करियर में सफलता पाने के लिए नेटवर्किंग को आवश्यक मानते हैं। इसी रिसर्च में यह भी पाया गया कि 35 प्रतिशत लोगों ने लिंक्डइन पर कैजुअल मैसेजिंग के माध्यम से नए अवसर, बिजनेस डील और जॉब्स हासिल की है। ऐसे में अगर आप भी ग्रोथ के लिए नेटवर्किंग को मजबूत करना चाहते हैं तो ये टिप्स आपकी हेल्प कर सकते हैं। आइए डालते हैं एक नजर। **इवेंट और वर्कशॉप करें अटेंड :** इंड्रस्टी से जुड़े इवेंट, वर्कशॉप, सेमिनार या फिर अन्य प्रोगाम को अटेंड कर लें। ये सभी जगहें ऐसी हैं, जहां आपको आपके फील्ड से संबंधित जूनियर और सीनियर्स के साथ मुलाकात हो सकती है। इन लोगों से मेल-जोल बढ़ाएं। इनसे बातचीत कर सकते हैं। अगर आप चाहें तो आप पुराने कलीग्स के अवॉर्ड या फिर अन्य समारोह में भी शामिल होकर दूसरे ऑफिस के लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ बुधवार, 27 मई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे एकादशी तिथौ बुध वासरे 06/23/ हस्त नक्षत्रे 05/57/ व्यतिपात योग 27/25/ भद्रा करणे 06/23/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.19 मि.00पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.06 मि. 23 पर। कमला एकादशी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# विषय बदलने का फैसला जल्दबाजी में न लें

छात्र अक्सर अपने कॉलेज के शुरुआती कुछ महीनों में अपने विषय के चुनाव को लेकर भ्रमित महसूस करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि बारहवीं पास करने के बाद स्नातक में दाखिला लेते समय छात्र कुछ ऐसे विषयों का चयन कर लेते हैं, जिसका उनके पिछले शैक्षणिक रिकॉर्ड से कोई लेना-देना नहीं होता। ऐसा निर्णय वे विषय की बढ़ती मांग और अपने कॅरिअर को ध्यान में रखते हुए लेते हैं। लेकिन कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कुछ समय बाद उन्हें अपने फैसले पर पछतावा होता है और वे अपने विषय को बदलने पर विचार करते हैं। अगर आप भी स्नातक के प्रथम वर्ष में अपने विषय को बदलने की सोच रहे हैं, तो ऐसा



कोई भी निर्णय लेने से पहले कुछ महत्वपूर्ण बातों पर गौर करना जरूरी हो जाता है। इससे आपको कठिन परिस्थिति में भी प्रेरणा मिलती रहेगी और असफलता का भय भी नहीं सताएगा। कॅरिअर योजना बनाएं : यह उन तरीकों में से एक है, जिससे छात्र अपने चुने हुए प्रमुख विषयों में ही सफलता की संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं। उस कॅरिअर के बारे में सोचें, जिसमें आपको आनंद आता हो और यह भी विचार करें कि कैसे आप अपने चुने हुए विषय को अपने लिए उपयोगी बना सकते हैं। इन सबके बावजूद अगर पढ़ाई में बोरियत महसूस हो, तो विषय बदलने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा विषय से जुड़े अलग-अलग कॅरिअर विकल्पों की पहचान करके और दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए ही नया विषय चुनें। अपना शोध करें : कॉलेज के छात्र कभी-कभी अपने चुने हुए विषयों को छोड़ देते हैं, क्योंकि वे अपने द्वारा चुने गए शैक्षणिक क्षेत्र से निराश हो जाते हैं। हो सकता है कि वे खुद को पूरी तरह से एक अलग शैक्षणिक विषय के लिए सही मानते हों। ऐसे में जिस विषय में आप अधिक रुचि रखते हैं, उससे संबंधित अपना शोध जारी रखें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विवाह कार्यक्रम की तैयारियों एवं सामग्री क्रय प्रक्रिया को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के पारदर्शी एवं समयबद्ध संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई।जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु सरकार प्रत्येक जोड़े को एक लाख रुपये का लाभ प्रदान करती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में, 25 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री तथा 15 हजार रुपये विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामग्री क्रय एवं टेंडर प्रक्रिया शासन की गाइडलाइन के अनुरूप पारदर्शी ढंग से समय से पूर्ण कराई जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में मुख्य कोषाधिकारी संजय कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास रश्मि मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# माहवारी पर खुलकर संवाद को बढ़ावा देने हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर जनपद गाजीपुर में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी बेटियां, हमारा गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरियों एवं युवा लीडरों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कम्फर्ट इन शुभ्रा होटल, महुआबाग, गाजीपुर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माहवारी से जुड़े विषयों पर चुप्पी तोड़ना, झिझक समाप्त करना तथा खुलकर संवाद को बढ़ावा देना। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा समाज में प्रचलित भ्रांतियों एवं मिथकों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आज भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अनेक किशोरियां माहवारी से जुड़ी सही जानकारी के अभाव में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं




एवं सामाजिक संकोच का सामना कर रही हैं। ऐसे में जागरूकता, सुरक्षित साधनों का उपयोग, पोषणयुक्त आहार तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अत्यंत आवश्यक है। संवाद कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों एवं युवा लीडरों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए तथा माहवारी से जुड़े मिथकों, चुनौतियों एवं बदलाव की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर किशोर-किशोरी लीडर नीतू, अंजली, उम्मे साहिबा, पूजा, पूजा राजभर, चन्दन एवं प्रिंस द्वारा साझा अनुभवों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम में महिला चिकित्सक डॉ. नम्रता श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रीति पाल (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) द्वारा विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें माहवारी क्या है, स्वच्छता, पोषण, दर्द, अनियमितता, सावधानियां एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियों पर चर्चा की गई। साथ ही झिझक छोड़ो द्द खुलकर पूछो प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें गोपनीय प्रश्न भी स्वीकार किए गए और किशोर-किशोरियों को विशेषज्ञों से खुलकर बातचीत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत महीने के वो 5 दिन विषय पर रोल प्ले भी प्रस्तुत किया गया, जिससे माहवारी के दौरान किशोरियों द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों को समझने का प्रयास किया गया। वहीं आशा, अर्चना, श्वेता, जीनत, अंजू एवं अंजली राजभर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने कहा कि ÷हमारी बेटियां, हमारा गौरव÷ कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के स्वास्थ्य, सम्मान, शिक्षा एवं आत्मविश्वास को मजबूत करना है। किशोरियों को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाकर ही एक स्वस्थ एवं समानतापूर्ण समाज की स्थापना संभव है।

## खबर एक नजर

### फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चस्पा की धारा 82 की नोटिस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** न्यायालय एफटीसी-3 बलिया द्वारा जारी धारा 82 सीआरपीसी (84 बीएनएसएस) के तहत थाना कोपागंज पुलिस ने ग्राम कसारा निवासी चार अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्तों के घर एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन सभी फरार मिले।इसके बाद पुलिस ने मुनादी कराते हुए अभियुक्तों के घर के बाहर नोटिस चस्पा की। कार्रवाई उ0नि0 मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।

### कोपागंज पुलिस ने गुम मोबाइल बरामद कर युवक को सौंपा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** साइबर फ्रॉड अभियान के तहत कोपागंज पुलिस ने गुम हुआ मोबाइल बरामद कर युवक को वापस सौंप दिया। कमलेश बहादुर के निर्देशन में साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए आशुतोष राजभर का लगभग 12,600 रुपये कीमत का Realme Narzo50 मोबाइल बरामद किया।मोबाइल मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर अभिजीत पटेल एवं कांस्टेबल जीतू कन्नौजिया शामिल रहे।

### लू से बचाव को लेकर उद्यान विभाग ने किसानों को दी सलाह

**स्वतंत्रभारत मऊ।** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने किसानों को फसलों एवं बागवानी की सुरक्षा हेतु जरूरी सलाह जारी की है। उन्होंने किसानों से खेतों में नमी बनाए रखने, सूर्यास्त के समय हल्की सिंचाई करने तथा तेज हवाओं से बचाव के लिए ग्रीन नेट या सरकंडे की बाड़ लगाने की अपील की। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पर 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही किसानों से आगामी बरसात में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की भी अपील की गई।

### बकरीद का सार्वजनिक अवकाश 28 मई को घोषित

स्वतंत्रभारत मऊ। प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार ईद उल अजमा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश अब 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 को घोषित किया गया है। शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुपालन में जनपद में 28 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात चोरी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बेलौली चट्टी नगरी पार मार्ग स्थित एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार रमेश चंद्र पांडेय का परिवार इलाज के सिलसिले में लखनऊ गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र व तीन अंगूठियां चोरी कर लीं। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने टूटा ताला देखकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### विसर्जन घाट निर्माण में देरी पर जिलाधिकारी नाराज

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। 247.42 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना में अब तक 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक के साथ नगर क्षेत्र स्थित पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ताजोपुर स्थित नरजा फिलिंग स्टेशन एवं नरई बांध स्थित अवधेश सर्विस सेंटर पर डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता पायी गई तथा उपभोक्ताओं की स्थिति सामान्य रही।निरीक्षण में पेयजल, हवा एवं शौचालय की व्यवस्था संतोषजनक मिली। अधिकारियों ने पम्प संचालकों को आकस्मिक सेवा के वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### गायघाट पर सांस्कृतिक संध्या व भव्य गंगा आरती आयोजित

स्वतंत्रभारत मऊ। गंगा दशहरा के अवसर पर तमसा नदी के गायघाट तट पर जिला गंगा समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्या एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक गायिका मंजू चौहान ने गीतों के माध्यम से तमसा नदी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी डॉ. हेमंत यादव ने कहा कि नदियां हमारी संस्कृति और जीवन का आधार हैं, इसलिए उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डीसीएसके पीजी कॉलेज सहित विभिन्न संस्थाओं के लोग एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में चार दोषियों को पांच-पांच वर्ष की कैद व जुर्माना

**स्वंतंत्र भारत मऊ।** 11 वर्ष पुराने मारपीट एवं जानलेवा हमले के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-1 मऊ छांगुर राम ने चार अभियुक्तों ढुक्कू यादव , सुरेंद्र यादव उर्फ सूरन यादव तथा रामसमुझ उर्फ समुझको दोषी करार देते हुए गैर इरादतन हत्या के प्रयास में 5 - 5 वर्ष कारावास एवं 12000 रुपएअर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषसिद्ध अभियुक्तों को तत्काल न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेजने का आदेश दिया। न्यायालय में साक्षियों को लेने में न्यायालय पैरोकार थाना रानीपुर अनुराग तिवारी की भूमिका रही।अभियोजन के अनुसार मामला थाना रानीपुर थाना क्षेत्र का है।वादी का कथन है कि घटना दिनांक 20 मार्च 2013 को पुवाल पानी डालने को मना करने के विवाद हो गया था। आरोप है कि चंद्रावती देवी द्वारा विरोध करने पर जयराम, ढुक्कू यादव , सुरेंद्र यादव उर्फ सूरन यादव तथा रामसमुझ उर्फ समुझ ने एक राय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में चंद्रावती देवी सहित अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण एवं एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट और फैक्चर की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में विवेचना करके थाना रानीपुर क्षेत्र भुसुवा औरही निवासी जैराम पुत्र तपेश्वर, दुक्कू यादव पुत्र लेढा यादव सुरेंद्र यादव उर्फ सुरन यादव पुत्र दुक्कू यादव व समुझ यादव के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय प्रेषित किया।कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर एडीजीसी फौजदारी प्रवीणएमएम मिश्र ने 7 गवाहों को पेशकर अपना कथानक को साबित कराया। एडीजे ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद दोषसिद्ध चारों आरोपियों ढुक्कू यादव , सुरेंद्र यादव उर्फ सूरन यादव तथा रामसमुझ उर्फ समुझ को सुनवाई के बाद दोषी करार दिया।

एडीजे सी ने धारा 308/34 एवं 325/34 आईपीसी में प्रत्येक दोषी को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। धारा 323/34 एवं 504 आईपीसी में छह-छह माह का सश्रम कारावास तथा 500-500 रुपये जुर्माना लगाया गया। वहीं धारा 506 आईपीसी में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

# गाजीपुर में 30 मई को होगा पत्रकारिता शिखर सम्मान समारोह

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** उपेंद्र राय को गाजीपुर प्रेस क्लब द्वारा आगामी 30 मई 2026 को आयोजित पत्रकारिता शिखर सम्मान समारोह 2026 में सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शहर के होटल द ग्रैंड पैलेस में आयोजित होगा। समारोह में जिले के दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गाजीपुर प्रेस ष्ट्यह्वड्ढ के सभी सदस्यों को संस्था की ओर से टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में लोकप्रिय एमएलसी विशाल सिंह चंचल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, बसपा जिलाध्यक्ष रमेश कुशवाहा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविकांत राय तथा समाजसेवी विनोद राय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह में जिले के गणमान्य लोगों के साथ उत्तर प्रदेश के कई प्रसिद्ध पत्रकारों की भी सहभागिता होगी। गाजीपुर प्रेस क्लब द्वारा पिछले कई वर्षों से पत्रकार हितों के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। संस्था की ओर से सभी सदस्यों को प्रत्येक वर्ष 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा आपात परिस्थितियों में राहत कोष से सहायता प्रदान करने का भी प्रयास किया जाता है। संस्था समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करती रही है। इसी क्रम में इस वर्ष से देश में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को पत्रकारिता शिखर सम्मान प्रदान करने की नई परंपरा की शुरुआत की गई है। इसके तहत इस वर्ष वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र राय को सम्मानित किया जाएगा। गाजीपुर के शेरपुर गांव निवासी उपेंद्र राय ने अपने पत्रकारिता करियर की शुरुआत सहारा न्यूज नेटवर्क से की थी। अपनी कार्यकुशलता और विशिष्ट रिपोर्टिंग शैली के बल पर उन्होंने राष्टीय पत्रकारिता जगत में खास पहचान बनाई। वर्तमान में वे भारत एक्सप्रेस न्यूज नेटवर्क में सीएमडी एवं एडिटर इन चीफ के पद पर कार्यरत हैं। गाजीपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से जिले की पत्रकारिता में एक नई परंपरा की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

## ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत मंगलवार को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई तथा प्रवेश द्वार पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी सतर्कता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें निर्वाचन प्रक्रिया की संवेदनशील सामग्री हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा में तैनात कार्मिकों एवं अन्य व्यवस्थाओं को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को सुरक्षा एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अपर उप जिलाधिकारी दीपक सिंह सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद, शरबत व पानी

**लंभुआ/सुल्तानपुर।** श्री हनुमान बालाजी सेवा फाउंडेशन, सुल्तानपुर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) भारत द्वारा आज दिनांक 26 मई 2026, दिन मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पौराणिक स्थल धोपाप धाम मंदिर के निकट, लंभुआ सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए भीषण गर्मी से राहत हेतु प्रसाद, शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक लगातार बड़ी कुशलता एवं सेवा भावना के साथ संचालित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। क्षेत्रवासियों ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़-




चढ़कर सहयोग प्रदान किया। संस्था प्रबंधन समिति बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भंडारा, पानी, प्रसाद एवं शरबत वितरण विभाग के निदेशक राम प्यारे मिश्रा तथा स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख निदेशक परमात्मा दीन गुप्ता द्वारा अपने-अपने विभागों के निदेशकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के अन्य निदेशकगण, कार्यकर्तागण एवं सेवादातागण भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शशिकला यादव, श्रीराम त्रिपाठी, राकेश कुमार (ग्राम पंचायत मित्र), अमित कुमार अग्रहरि, राज बहादुर यादव, शिवनायक उपाध्याय, अनिल कुमार तिवारी, रामचन्द्र मौर्य, अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार उपाध्याय, अच्छेलाल नाविक, महेन्द्र कुमार यादव (अधिवक्ता), रामसहाय दुबे, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण सिंह, राजकुमार अग्रहरि, सूर्यदेव उपाध्याय (अधिवक्ता), धीरेन्द्र कुमार शर्मा, आदित्य, माखन, राम, देवनारायण, रौनक, गणेश, विक्रम, आकाश, विपिन, कार्तिक, सत्यम, अजीत, सिद्धार्थ, राजेंद्र, सुधांशु, ऋषभ, अरविंद एवं रामकेश सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा, धार्मिक आस्था एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# 60 टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली सुल्तानपुर को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प

**सुल्तानपुर।** जनपद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा गोद लिए गए 60 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण के नेतृत्व में आईएमए के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. ए.के. सिंह, पूर्व आईएमए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जे.पी. सिंह, सचिव डॉ. अंकुर सेठ, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वी.के. शुक्ला, वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शुभाष तथा आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अरोड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला क्षय रोग अधिकारी आर.के. कनौजिया एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लाल जी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य




विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद के सभी अधिकारी कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लें। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग इस अभियान से अछूता नहीं रहेगा और सुल्तानपुर के सभी टीबी मरीजों को शत-प्रतिशत गोद दिलाकर जनपद को टीबी मुक्त बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि जनपद में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत तीन हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के माध्यम से उच्च जोखिम वाले गांवों में एमएमयू वाहन द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में वल्नरेबल आबादी के लोगों का सीने का एक्स-रे कराया जा रहा है तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों के बलगम नमूनों की नाट जांच कराई जा रही है। कार्यक्रम में डीपीसी विवेक मिश्रा, डीपीटीसी पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, टीबी स्वास्थ्य प्रदर्शन पर्यवेक्षक अरुण कुमार सिंह, नन्हे, जुबेर, शहजाद सहित टीबी मुख्यालय के अन्य कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

## श्री रुद्र महायज्ञ से भक्तिमय हुआ कटिहारी बुजुर्ग गांव



**स्वतंत्र भारत मऊ।** कटिहारी बुजुर्ग गांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां दी गईं।यज्ञाचार्य वनमाली उपाध्याय के नेतृत्व में विद्वान आचार्यों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। महायज्ञ के आयोजन में गांव के अनेक श्रद्धालु सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

## गौरी शंकर धाम में गोमती नदी में डूबा युवक, मौत

**चांदा/सुल्तानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर जंगल स्थित गौरी शंकर धाम पर मंगलवार को गोमती नदी में नहाने गए एक युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। स्थानीय गोताखोरों ने युवक को बाहर निकाला लेकिन हालत गंभीर बनी हुई थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी दौरान नदी में डूब रहे एक बच्चे को भी गोताखोरों ने बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक घूमने के लिए गौरी शंकर धाम आया था। गर्मी से राहत पाने के लिए वह गोमती नदी में नहाने उतरा। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। शोर सुनकर घाट पर मौजूद स्थानीय गोताखोर तुरंत नदी में कूदे और युवक को बाहर निकाला।

# महंगाई, बिजली संकट और बेरोजगारी के खिलाफ सांसद ने सौंपा ज्ञापन, किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को अयोध्या जिला मुख्यालय जनसमस्याओं को लेकर उठी आवाज से गूंज उठा। फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। सहादतगंज ओवरब्रिज के नीचे रामपथ से शुरू हुआ प्रदर्शन जुलूस के रूप में जिला मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान महंगाई, बदहाल बिजली व्यवस्था, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, लगातार हो रहे पेपर लीक, बेरोजगारी, गैस सिलेंडर की किल्लत, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। सभा को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझ रही है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। धरना-प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन में जनहित से जुड़े मुद्दों के जल्द समाधान की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जनता की समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन और व्यापक रूप से किया जाएगा। प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय समाजवादी पार्टी के नारों और जनता की आवाज से गूंजता रहा। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने प्रदर्शन में उपस्थित पार्टी के नेताओं,कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री पवन पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ़ रुश्दी मियां, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, अजीत प्रसाद, हाजी फिरोज खान गब्बर, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, बख्तियार खान, हामिद जाफर मीशम, राम सागर वर्मा, अमृत राजपाल, अनीत शुक्ला, मो0 अली, रिजवान रसूल, शावेज़ जाफरी, बलराम मौर्या, दान बहादुर सिंह, सरफ़राज़ नसरूल्लाह, सरोज यादव, जे पी यादव, विनोद लोधी, विकास सिंह छोटू, मो.राशिद खान, जब्बार अली, हामिद जाफर मीसम, एजाज अहमद, रामजी पाल, आकिब खान, जय सिंह यादव, रितेश यादव, अजय वर्मा राजू, सीताराम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# जनता से जुड़ी सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक वेदप्रकाश गुप्ता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, नगर निगम की कार्यप्रणाली और विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। सर्किट हाउस में नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य अभियन्ता विद्युत वितरण खंड अयोध्या मंडल के साथ हुई बैठकों में विधायक ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही, उदासीनता, निरंकुशता और संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक में विधायक ने प्रवर्तन दल की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति और उपस्थिति के किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए। विधायक ने कहा कि प्रवर्तन दल द्वारा जनता से दुर्व्यवहार, अनावश्यक कठोरता और निरंकुशता की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतें सही पाई गईं तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। विधायक ने बरसात से पूर्व शहर के सभी नालों एवं नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाकर समयबद्ध तरीके से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल, जिला अस्पताल तथा प्रमुख बाजारों के आसपास गंदगी और जलभराव की समस्या पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। इसके साथ ही खराब पेयजल कियोस्क मशीनों को शीघ्र ठीक कराने, गुप्तार घाट एवं सूर्यकुंड की नियमित सफाई, पार्कों के रखरखाव, मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण और निराश्रित पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने जल निगम द्वारा चल रहे सीवर पाइप लाइन एवं सड़क निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर भी असंतोष जताया और अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पटरी दुकानदारों के लिए व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने तथा हेल्थ एटीएम की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके बाद बिजली विभाग की समीक्षा बैठक में विधायक ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफार्मर और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही से आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

# जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, आवास, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा बकरीद का सार्वजनिक अवकाश 28 मई को घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में अवगत कराया जाता है कि वर्ष 2026 हेतु घोषित सार्वजनिक अवकाशों में संशोधन किया गया है। पूर्व में 27 मई (बुधवार) को घोषित ईद-उल-अजहा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश, चाँद दिखने की स्थिति के अनुसार परिवर्तित करते हुए अब 28 मई (गुरुवार) को घोषित किया गया है। जनपद के समस्त शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं संबंधित प्रतिष्ठानों में 28 मई (गुरुवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जनपदवासियों से अनुरोध है कि शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# अयोध्या बनाएगी सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान : महापौर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मंगलवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नियावां से रिकाबगंज हनुमानगढ़ी तक पदयात्रा निकालकर लोगों का आह्वान किया कि आगामी 31 मई को सुबह 7.00 बजे घर से निकलें और महज आधा घंटा सफाई कर सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान स्थापित करें। इस दौरान जगह-जगह स्टिकर लगाकर आमजन स्वच्छता के महाअभियान एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर वार में सहभागिता का संदेश दिया गया। पदयात्रा के दौरान महापौर ने लोगों के घरों पर दस्तक दी और कहा कि स्वच्छता समय की मांग है। सफाई के मामले में नगर को देश के टॉप टेन महानगरों में लाने में जन-जन की भागीदारी आवश्यक है। पदयात्रा में शामिल अपर नगर आयुक्त श्री भारत ने लोगों से कहा कि 31 मई को अपने घरों के आसपास महज आधा घंटा सफाई करने से नगर को साफ-सुथरा बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। महापौर ने रिकाबगंज हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन कर नगर में खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस दौरान जनसमस्याओं का भी निदान कराया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि एक घंटे चली पदयात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सूचना भी प्रसारित की गई और अभियान में शामिल होने के लिए फॉर्म भरने की भी जानकारी दी गई। पदयात्रा में वरिष्ठ पार्षद अनिल सिंह, विशाल पाल, गरिमा मौर्य, अर्जुन यादव सोमू, अजय पांडेय, पूर्व पार्षद बुद्धिपाल प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह बंटी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, चेतन गुप्त, सुबोध चतुर्वेदी, सतीश पांडे, काजल पाठक, प्रेमप्रकाश मिश्र, आशीष कौर, रीना सिंह, रुचिरा सिंह, विपनेश पांडेय, इंद्रप्रीत सिंह, मीना यादव, शशिकला, आलोक सिंह राना, श्रीनिवास शास्त्री, योगाचार्य हिमांशु त्रिपाठी, नरेंद्र मिश्र आदि शामिल थे।

# कृषि विवि में आज लगेगा वैज्ञानिकों का जमावड़ा

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में आज आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय समूह सम्मेलन- (खरीफ) 2026 को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करेंगे। चारा फसलों एवं उसके उपयोग विषय पर यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के महानिदेशक डा. एम.एल जाट कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे जो दिल्ली से ऑनलाइन जुड़ेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. डी. के. यादव व अवध विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे। आई.सी.ए.आर नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डा. एस.के प्रधान, आई.जी.एफ.आर.आई के निदेशक डा. पंकज कौशल, ए.आई.सी.आर.पी के परियोजना समन्वयक डा. विजय कुमार यादव की भी मुख्य रूप से मौजूदगी रहेगी। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से लगभग 100 से अधिक वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। कुछ वैज्ञानिक ऑनलाइन जुड़कर सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे।

# आज कांग्रेस कार्यकर्ता मनायेगी पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आधुनिक भारत के निर्माता, देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय पं. जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्य तिथि 27 मई को 11बजे दिन बुधवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर श्रद्धापूर्वक मनाई जायेगी। उक्त आशय कीजानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रेस को दी। श्री पाठक ने बताया इस अवसर पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह एवं महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों से अनुरोध है किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# चौथे बड़े मंगलवार पर हुआ जगह-जगह भण्डारा









**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** चौथे मंगल बड़े मंगल पर सिविल लाइन चौराहे पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया इस दौरान शोभित कपूर, अवी आनंद, मन्नू, विजय सिंह, बंटी सिंह, मोनू राय, मनोज दुबे, टैंकल सरदार, अमरचंद जायसवाल, आनंद मोटवानी, आनंद अग्रहरि पप्पू, अलीम, दीपू मिश्रा, दीपू सरदार, पिंटू माझी आदि मौजूद रहे। **नगर निगम ठेके संग** द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि गिरीश पर त्रिपाठी व नगर आयुक्त द्वारा हनुमान जी के ऊपर माल दर्पण करके भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विजय पांडे, उदय भान सिंह, कल्लू सिंह, राहुल सिंह, आलोक सिंह, संतोष सिंह, सिद्धार्थ सिंह, वीरू सिंह, आसान सिंह, अमित सिंह, राजेश सोनकर, बजरंगी प्रसाद गौतम, विजय सिंह, भीम शुक्ला, जगन्नाथ पाठक, आलोक सिंह आदि ठेकेदार संघ अध्यक्ष विजय पांडे द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। **नाका स्थित मरी माता मंदिर पर** चौथे बड़े मंगल पर शरबत वितरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एआरटीओ डॉ आर पी सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने भगवान बजरंगबली की आरती पूजा कर श्रद्धालुओं में शरबत प्रसाद वितरण किया। भंडारे का आयोजन मंदिर के पुजारी चंचल दास द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान पुजारी चंचल दास ने भगवान से प्रार्थना किया कि जिले में हो रही गर्मी से जनपद वासियों को राहत मिले। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, उग्रसेन मिश्रा, सूर्यकुमार तिवारी, रोहित पंडित, प्रेम पांडे, अशोक कनौजिया, रोहिताश चंद्र राजू, राजकुमार, महेश सोनकर आदि ने शरबत प्रसाद वितरण किया। **श्री श्याम सेवा मण्डल द्वारा** जेठ के चतुर्थ बड़े मंगल के उपलक्ष्य में फतेहगंज चौराहा पर श्री श्याम सेवा मण्डल अयोध्या द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। मण्डल के अध्यक्ष बृज किशोर गोयल ने बताया की यह भंडारा पूर्व कि तरह पहले से चला आ रहा हैं करोना काल में यह भंडारा नहीं चल पाया था लेकिन उसके बाद बीते वर्षो से यह भंडारा भली भाती चल रहा हैं। भंडारा में आम का पाना, कढ़ी -चावल, जूस, कचोरी सब्जी, आदि का वितरण किया गया। भंडारा में संरक्षक श्री निवास अग्रवाल, महामंत्री रवि डालमिया, दीपक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल संजय मित्तल, रितेश गोयल, नीरज सिंघल, कुश मित्तल, प्रसन्न खंडेलवाल, पवन सिंघल, हिमांशु गोयल, शरद जायसवाल, निशांत गोयल, अनूप सिंघल, महेश भोपालपुरिया, विपिन सिंघल, हेमंत खंडेलवाल, सुमित अग्रवाल, अमित गोयल, जुगल किशोर, वासुदेव चौधरी, राजेश अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, संचित कानोडिया, राजेश बंसल, अनिल मित्तल आदि लोग मौजूद रहें। **समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व** में अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विराट भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। समाजसेवी संस्था की ओर से दर्शननगर स्थित हनुमान मंदिर से भंडारे की शुरुआत की गई। इसके बाद अयोध्या विधानसभा के बूथ नंबर चार, कूड़ा केशवपुर, नाका फैजाबाद, ब्रह्मकुंड, गुरुद्वारा, कंधरापुर और पराखान, बड़का पुरवा तिहुरा माँझा समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। दिनभर चले आयोजन में स्थानीय लोगों और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी इसी कड़ी में चाणक्य परिषद की ओर से जिला अध्यक्ष सदैव मिश्रा के नेतृत्व में भी विराट भंडारे का आयोजन किया गया।

# अयोध्या सप्तपुरियों में मस्तक के समान: सूर्य नारायणाचार्य



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सिद्धपीठ द्वारकाधीश मंदिर राजघाट परिक्रमा मार्ग, अयोध्या धाम में चल रही अमृतमयी श्रीरामकथा का भक्तजनों को रसपान कराते हुए सुप्रसिद्ध कथाव्यास और द्वारकाधीश मंदिर के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी सूर्यनारायणाचार्य भागवत किंकर महाराज ने कहा कि अयोध्या धाम की बड़ी ही महिमा है। अयोध्या का तात्पर्य है जहां कभी युद्ध ना हुआ हो। जिसे कभी युद्ध में जीता ना जा सके। ऐसा पावन पुनीत हमारा अयोध्या धाम है। जहां भगवान ने अवतार लेकर सबका कल्याण किया। अयोध्या धाम सातों पुरियों में मस्तक के समान है। जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। जिसका बखान ऋषि-मुनियों से लेकर देवतागण करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्भूमि पर भव्य-दिव्य मंदिर निर्माण के साथ हम सबका जीवन सफल हुआ। हमारी पीढ़ी धन्य हुई, जो हम सबने अपनी आंखो से भव्य राममंदिर निर्माण और उसमें भगवान रामलला को विराजमान होते देखा। इससे हमारा जीवन सफल हुआ, जिसके हम सभी साक्षी बने। राममंदिर से सैंकड़ों वर्षों की आस पूरी हुई। इससे हम अपने आपको बहुत ही गौरवांवित और उल्लासित महसूस कर रहे हैं। जिसको हम बयां नही कर सकते हैं। आज सारा संसार भगवान श्रीराम का गुणगान कर रहा है। भगवान श्रीराम जैसा कोई नही। उन्होंने पूरी दुनिया को मर्यादा का पाठ पढ़ाया। लोगों को मर्यादित जीवन जीना सिखाया। पूरा मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। चहुंओर भगवान श्रीराम की जय-जयकार हो रही थी। इससे पहले श्रीरामकथा के यजमान ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन, वंदन कर भव्य आरती उतारी। अंत में कथा विश्राम पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर संत-महंत, धर्माचार्य, जगतगुरु समेत काफी संख्या में भक्तजनों ने भगवान की अमृतमयी कथा का रसपान कर अपना जीवन सार्थक बनाया।

# बकाया करों के ब्याज माफ होने की आस जगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** बकाया गृह, जलकर एवं सीवेज कर पर ब्याज माफ होने की आस संजोए नगर वासियों के लिए अच्छी खबर है। बकाया करों के ब्याज के माफ होने की आस जग गई है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में नगर विकास मंत्री ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी से वादा किया है। सोमवार को देर शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग में महापौर ने मंत्री के सामने बकाया ब्याज माफ करने का मुद्दा तार्किक ढंग से उठाया। बताया कि प्रक्रियागत खामियों के कारण अधिकांश लोगों तक बकाया टैक्स का बिल समय से नहीं पहुंच सका। इससे भी लोगों को टैक्स जमा करने में विलंब हुआ। उन्होंने नगर विकास मंत्री के सामने वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ सभी लोगों को देने का सुझाव दिया, जिस पर मंत्री ने 50 हजार रुपये की धनराशि को घटाकर सभी बकाएदारों पर लागू करने की बात सैद्धांतिक रूप से स्वीकार की और एक अगस्त से लागू किए जाने का भरोसा दिया।

# गंगा दशहरा हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व : महावीर



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सुप्रसिद्ध पीठ श्रीहनुमत केलकुंज गोलाघाट अयोध्याधाम के पीठाधिपति श्रीमहंत महावीर शरण महाराज ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कहा कि गंगा दशहरा का पर्व हर साल ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। तिथि अनुसार इस बार भी रामनगरी में गंगा दशहरा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा, सरयू आदि पौराणिक नदियों में स्नान कर दान-पुण्य किया। इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। माना जाता है कि इसी दिन भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा स्वर्ग से धरती पर उतरी थीं ताकि राजा सगर के पुत्रों को मुक्ति मिल सके। यह पर्व मां गंगा के धरती पर अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में गंगा नदी को केवल एक नदी नहीं, बल्कि मां का दर्जा दिया गया है। माना जाता है कि गंगा का जल पवित्र, पापों का नाश करने वाला और मोक्ष प्रदान करने वाला होता है। इसी कारण गंगा दशहरा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। गंगा दशहरा हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो माँ गंगा के स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है। मान्यता है कि राजा भगीरथ की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर माँ गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। इस दिन गंगा स्नान, दान, जप और पूजा करने से दस प्रकार के पापों का नाश होता है और जीवन में सुख, शांति व आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवेश होता है। श्रीमहंत ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन दान पुण्य करने की विशेष परंपरा है। इस दिन जल, अन्न, फल, वस्त्र और पूजा सामग्री का दान शुभ माना जाता है। इसके अलावा घी, तेल, नमक, शक्कर तथा स्वर्ण आदि का दान भी बहुत पुण्यदायी माना गया है। श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार किया गया दान जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाने वाला माना जाता है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन, दी धरने की चेतावनी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर उपस्थित होकर आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नामांकन कम होने की स्थिति में सैकड़ों शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन की बहाली, जनगणना कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराए जाने के एवज में उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने, भीषण गर्मी में शिक्षकों के स्वास्थ्य को देखते हुए अनावश्यक दबाव न बनाने आदि विषयों को रखते हुए इनके त्वरित समाधान की मांग की गई। अवधेश यादव जिलाध्यक्ष ने बताया वेतन ही शिक्षक की प्राणवायु है इसको रोका जाना आजीविका पर संकट डालकर संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है ऐसे शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन को बहाल करते हुए ही वेतन निर्गत किया जाना चाहिए। जिला मंत्री अशोक वर्मा ने बताया कि शिक्षक जब संतुष्ट रहेगा तभी बेहतर कार्य निष्पादन दे सकेगा। जिला कोषाध्यक्ष फूल चंद सरोज ने मांग की कि ब्लॉकों पर तैनात कार्यालय के पटल सहायकों का स्पष्ट कार्य विभाजन करते हुए प्रत्येक ब्लॉक के शिक्षक ग्रुपों में लिस्ट साझा की जाय। आज के ज्ञापन कार्यक्रम में अवधेश यादव, जिलाध्यक्ष, अशोक वर्मा जिला मंत्री, फूल चंद सरोज जिला कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ मनुजेश यादव, जिला संयुक्त मंत्री अजय वर्मा, जिला संगठन मंत्री प्रदीप कुमार मौर्य, अशोक यादव ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली, उमाशंकर ब्लॉक संयोजक सोहावल रंजीत यादव ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंग्टनगंज, प्रतीक वर्मा, शिव नाथ, इंद्र भान वर्मा, दुर्गेश यादव, पंकज यादव , राम अंजोर यादव, रामप्रकाश रावत, मानवेंद्र वर्मा, रामसुरेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, डॉ मुकेश आनंद जिला उपाध्यक्ष, रीता चौहान, सुभाष वर्मा, अवधेश कुमार, जिला जीत वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सहित तमाम शिक्षक साथी मौजूद रहे।




# उपजिलाधिकारी ने छुट्टा गोवंशों को गौशाला भेजने के दिए निर्देश




**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** तहसील स्तरीय गौ संरक्षण,अनुश्रवण,मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को सदर तहसील कार्यालय में उप जिलाधिकारी प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में कहीं भी छुट्टा/निराश्रित गोवंश दिखाई दें तो उसे तत्काल नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। उन्होंने गोवंशों के समुचित देख-रेख व पोषण पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। एसडीएम ने निर्देश दिया कि चारागाह की जमीनों पर तत्काल नेपियर या अन्य हरा चारा की बुवाई कराई जाए तथा फेंसिंग कराकर बोये गये हरे चारे को सुरक्षित किया जाए। खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।उन्होंने एफ.एफ.सी.पुलिंग द्वारा धनराशि पूल कराकर गौशालाओं की अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक कराने को कहा। सभी गौशालाओं के सी.सी.टी.वी. कैमरे सही कराकर कन्ट्रोल रूम से जुड़वाना सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके।सहभागिता योजना के अंतर्गत दिये गये गोवंशों का समय से लेखपाल व सचिव द्वारा सत्यापन कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।बैठक में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति ने आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी अधिकारियों को गौकशी पर विशेष निगरानी रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के लिए कहा।बैठक में समस्त खण्ड विकास अधिकारी, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी एवं पशुधन प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएचडी : 2024 कोर्सवर्क परीक्षा का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव यूनिवर्सिटी आजमगढ़ में मंगलवार को पीएच.डी.-2024 कोर्सवर्क परीक्षा का शुभारंभ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ । शोध एवं अकादमिक गुणवत्ता को नई दिशा देने की मंशा के साथ आयोजित इस परीक्षा में विश्वविद्यालय परिसर सुबह से ही शोधार्थियों की अकादमिक ऊर्जा से गुलजार दिखाई दिया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि शोध परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रो. सौम्य सेनगुप्ता के निर्देशन में आयोजित परीक्षा सुचारू रूप से सुबह शुरू हुई, इस परीक्षा की गंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि स्वयं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा की सुचिता को परखा। उन्होंने विभिन्न परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा परीक्षा संचालन में लगे अधिकारियों और शिक्षकों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने का स्पष्ट निर्देश दिए। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार 32 विषयों की पीएच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा में कुल 385 शोधार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 382 उपस्थित रहे, जबकि केवल 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं।निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध की गुणवत्ता और अकादमिक उत्कृष्टता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि पीएच.डी. कोर्सवर्क केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि शोधार्थियों की बौद्धिक क्षमता और अनुसंधान दृष्टि को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च स्तरीय शोध संस्कृति विकसित करना है। केंद्राध्यक्ष प्रो. सौम्य सेनगुप्ता ने बताया कि परीक्षा पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जा रही है। सभी परीक्षा कक्षों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा शोधार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शोधपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और बेहतर अकादमिक वातावरण तैयार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कोर्सवर्क परीक्षा के शेष प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं 27 एवं 29 मई को आयोजित की जाएंगी। वहीं आगामी शैक्षणिक सत्र-2025-26 की पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा की तिथि भी शीघ्र घोषित की जाएगी।परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं शिक्षकगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे तथा व्यवस्थाओं के सफल संचालन में सहयोग करते दिखाई दिए।

## खबर एक नजर

### नेहरू पुण्यतिथि पर आज कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।कार्यक्रम 27 मई को सुबह 11 बजे टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित होगा। इस दौरान कांग्रेसजन पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान और देश के प्रति उनके दृष्टिकोण को याद करेंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने जनपद के सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने दी।

### बरनई में युवाओं ने जाना राशन वितरण व्यवस्था का सच, पीडीएस की डिजिटल प्रणाली से हुए रूबरू

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत आज विकास खण्ड बैतालपुर के ग्राम सभा बरनई में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) एवं खाद्य सुरक्षा योजनाओं के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुभवात्मक प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रूड्ड क्द्धड्डह्लड्डह्ल युवाओं को विभिन्न सरकारी व्यवस्थाओं और जनहित योजनाओं से जोड़ने वाला राष्ट्रीय मंच है। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को राशन वितरण प्रणाली, पात्र गृहस्थी एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को मिलने वाली सुविधाओं, ई-पॉस मशीन के माध्यम से होने वाले सत्यापन तथा डिजिटल एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं ने उचित मूल्य की दुकान का अवलोकन कर राशन वितरण की प्रक्रिया को नजदीक से समझा। इस अवसर पर युवाओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, डिजिटल सेवाओं तथा लाभार्थियों को मिलने वाले अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सरकारी योजनाओं की जमीनी कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा पारदर्शी व्यवस्था के प्रति विश्वास और सहभागिता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में ग्राम के युवा स्वयंसेवकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित युवाओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें सरकारी योजनाओं को समझने और समाज में जागरूकता फैलाने में सहायता मिलेगी।

### अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई फर्म पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड

**स्वतंत्र भारत देवरिया।**अवैध खनन की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने खनन विभाग को मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खनन निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा विभिन्न स्थलों पर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान देवरिया बाईपास प्राइवेट लिमिटेड फर्म द्वारा बिना अनुमति अवैध मिट्टी खनन किए जाने की पुष्टि हुई। मामले की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत किए जाने के उपरांत संबंधित फर्म पर पांच लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। साथ ही फर्म की अनुज्ञा निरस्त किए जाने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है।खनन निरीक्षक ने बताया कि संबंधित फर्म को प्रारंभिक नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन संतोषजनक उत्तर एवं साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बनकटा एवं खुखुंदू थाना क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त एक-एक जेसीबी मशीन भी पकड़ी गई, जिन्हें संबंधित थानों में सुपुर्द कर दिया गया है।

# डीएम ने पीएचसी एवं बीडीओ कार्यालय बैतालपुर का किया औचक निरीक्षण




**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को बैतालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालय बैतालपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं कार्यालयीय व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी पूर्वाह्न लगभग 9-15 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैतालपुर पहुंचे और वहां स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहकर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, प्रसव केंद्र, दवा वितरण कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मरीजों का उपचार समुचित एवं सुचारु रूप से होना सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर हाल में बनी रहनी चाहिए तथा किसी भी मरीज को इलाज व दवा के लिए परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर एवं वार्डों में स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें तथा उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके उपरांत लगभग 10 बजे जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय बैतालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न कानून पर जागरूकता शिविर आयोजित

**बलिया।** बताया जाता है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया श्री अनिल कुमार झा के आदेशानुसार मंगलवार को एडीआर भवन, दीवानी न्यायालय परिसर बलिया में ÷कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013÷ विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी ने की। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव श्री तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (क्कस्.ह्यह्ल) के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न, विशेषकर यौन उत्पीड़न, एक गंभीर कानूनी एवं सामाजिक अपराध है, जो महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और मानसिक शांति को प्रभावित करता है।उन्होंने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा क्कस्.ह्यह्ल लागू किया गया है। यदि किसी महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटना होती है, तो वह घटना के तीन माह के भीतर संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक शिकायत समिति में लिखित शिकायत दर्ज करा सकती है।

## कनक सिंह बनी लालगंज की नायब तहसीलदार

**लालगंज (आजमगढ़)** । स्थानीय तहसील के नायब तहसीलदार पद पर कनक सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। गाजीपुर जनपद निवासी कनक सिंह की नायब तहसीलदार में बारहवीं रैंक थी।उनकी पहली पोस्टिंग लालगंज में नायब तहसीलदार के पद पर हुई है। मंगलवार को एक भेंट में उन्होंने बताया कि मेरा प्रयास रहेगा कि लालगंज तहसील में प्रत्येक नागरिक को सरल, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध हो।शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण, जनता को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय तथा जनशिकायतों का प्रभावी समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। सुशासन, पारदर्शिता एवं जनविश्वास को मजबूत बनाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

## विश्व रचनात्मक और नवाचार दिवस 2025 पर कार्यक्रम आयोजित

**आजमगढ़ ।**स्वयंसेवी संगठन ग्राम्यजन सेवा ट्रस्ट द्वारा एक विचार संगोष्ठी का आयोजन सावित्रीबाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज आजमगढ़ में किया गया, जिसमें पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण से किया गया इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किया गया परियोजना प्रोजेक्ट एवं विचार प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लाल बहादुर चौरसिया लाल जी ने बताया कि हम सूक्ष्म जगत की अनुभूतियों में वैचारिक नवाचार द्वारा स्थूल जगत के लिए एक आविष्कार को जन्म दे सकते हैं श्री लाल जी की रचनाओं को विभिन्न बोर्ड में पढ़ाया जाना इसका प्रमाण है कार्यक्रम के विशिष्ट अतीत श्री श्रवण कुमार यादव जी ने बताया कि हमारे आधुनिक जीवन शैली में योग किस प्रकार रचनात्मक और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और नशा इस पर कितना नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है कार्यक्रम के संयोजक श्री कुलभूषण सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का प्रभाव सकारात्मक होगा और व्यापक संदेश जाएगा आज हम सभी को संवेदनशील होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्पित होना होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन प्रबंधक दृष्टि श्री देवी प्रसाद पांडे ने किया

## 1811 ग्राम पंचायतों का होगा सत्यापन

**आजमगढ़ ।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया है कि सोशल आडिट निदेशालय द्वारा जनपद के कुल 22 विकास खण्ड की 1811 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के अर्न्तगत कराये गये कार्यों का सोशल आडिट कराने हेतु सोशल आडिट कैलेण्डर दिनांक 26 मई 2026 से 13 फरवरी 2027 तक निर्धारित है। सोशल आडिट कैलेण्डर में जनपद के जिस विकास खण्ड का चयन किया गया है। उस विकास खण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का शत-प्रतिशत सोशल आडिट कराया जायेगा। ब्लाक संसाधन व्यक्ति के रूप में सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने वाले ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर/ पूर्व से प्रशिक्षण प्राप्त बी0आर0पी0 के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट सम्पन्न कराया जायेगा। टीम सदस्यों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व उनके द्वारा सम्पादित की जाने वाली ग्राम पंचायतों की सूचना सम्बन्धित ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति द्वारा दी जायेगी। सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने के लिए प्रत्येक टीम के साथ जनपद में उपलब्ध एक-एक ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर/ब्लाक संसाधन व्यक्ति को नामित किया गया है।

**कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ।**

पत्रांक /जि0पू0अ0/दु0अनु0/2026 दिनांक मई 2026

**लाटरी सूचना**

अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) महोदय के आदेश दिनांक 22.05.2026 के अनुपालन में जनपद लखनऊ के नगरीय क्षेत्र में 06 रिक्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष आवेदकों के समक्ष लाटरी पद्धति द्वारा उचित दर विक्रेताओं का चयन किया जाना है। इस हेतु लाटरी का आयोजन सहकारिता भवन में स्थित पी0सी0यू0 सभागार, लखनऊ में दिनांक 27.05.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे किया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी,
लखनऊ।

उ0प्र0 251677 दिनांक- 25.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :** वि०आ०सं०–1260 दिनांक 25.05.2026

1.22/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27,बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र दाउदनगर से 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र फैजुल्लागंज तक एक अतिरिक्त नयी (इंटरलिकिंग) 33 के०वी० विद्युत लाइन बनाये जाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 49200।
2.23/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27,बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 220 के०वी० बी०के०टी० से 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र मामपुर बाना तक एक अतिरिक्त नयी (इंटरलिकिंग) 33 के०वी० विद्युत लाइन बनाये जाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 37500।
3.24/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपकेन्द्र मामपुरवाना पर एक नग अतिरिक्त 5 एमवीए पावर परिवर्तक की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 11600।
4.25/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र साढ़ामऊ पर एक नग अतिरिक्त 5 एमवीए पावर परिवर्तक की स्थापना का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 11700।
5.26/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र अहिवरनपुर हेतु मारूति शोरूम से केबिल एक्सपोजर तक अण्डरग्राउण्ड क्षतिग्रस्त सिंगल सर्किट केबिल को बदलने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 19500 ।
6.27/S.E.(TECH)/J.Z./2026–27, बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र बौरूमऊ, कम्हरावाँ, इटौंजा एवं गोयल चौराहा की क्षतिग्रस्त 33 के०वी० वी०सी०बी० बदलने एवं 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र कम्हरावॉ एवं गोयल चौराहा की क्षतिग्रस्त 11 के०वी० वी०सी०बी० बदलने तथा 33/11 के०वी० उपकेन्द्र बीकेटी, जीपीआरए, एन०सी०एल०यू०, सृष्टि अपार्टमेण्ट, सुभाष पार्क एवं फैजुल्लागंज पर क्षतिग्रस्त एवं नयी 33 के०वी०, वी०, पी०टी०, बैटरी चार्जर एवं आइसोलेटर लगाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180, धरोहर धनराशि रू0 7200।

ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 09 जून 2026, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ बी0जी0 कोचेज इनटू ए0आर0टी0/ए0आर0एम0ई0। |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | रु.3,42,29,126/– मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | रु.6,84,600/– मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.06.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। / वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |

निविदा सूचना सं. 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ई निविदा–20
दिनांक : 23.05.2026 1757/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

**ई–निविदा सूचना** वि0आ0सं0 1262 दिनांक 25.05.2026

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1.28/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र पुरनिया से पोषित 11 के0वी0 निराला नगर फीडर के विभक्तिकरण का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 धरोहर राशि रू0 9640.00
2.29/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र फैजुल्लागंज से पोषित 11 के0वी0 फैजुल्लागंज फीडर के विभक्तिकरण का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 17980.00
3.30/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, जी0एस0आई0 एवं प्रियदर्शिनी के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानो पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये परिवर्तकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 11510.00
4.31/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, दाउद नगर व फैजुल्लागंज के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 15 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 30400.00
5.32/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, इक्का स्टैण्ड, यूनिवर्सिटी व भीखमपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 17 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 30080.00
6.33/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, आई0टी0आई0, निरालानगर व कपूरथला के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 08 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 26790.00
7.34/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, सुभाष पार्क के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 14 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 46510.00
8.35/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, विकासनगर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 19920.00
9.36/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 13950.00
10.37/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 100 के0वी0ए0 क्षमता के 10 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 15580.00
11.38/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के0वी0 एवं एल0टी0 महानगर के उपकेन्द्र, अहिबरनपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 250 के0वी0ए0 क्षमता के 09 अदद नये वितरण परितर्वकों की स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 55120.00

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 11 जून 2026, 14:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी

## इजराइल को देश नहीं मानेंगे : पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजराइल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से साफ इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा

- विचारधारा से समझौता मंजूर नहीं
- ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले थे- इजराइल से दोस्ती करें

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान से कहा था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति समझौते की प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे अब्राहम समझौते में शामिल होकर इजराइल को अलग देश की मान्यता देनी होगी। इसके बाद पाकिस्तान ने साफ कहा है कि वह इस मांग को मानने के मूड में नहीं है। आसिफ ने इजराइल पर निशाना साधते हुए कहा, हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। आसिफ ने पाकिस्तान की पासपोर्ट नीति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर साफ लिखा होता है कि यह इजराइल के लिए मान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। ट्रम्प ने सोमवार को कई मुस्लिम और अरब देशों से इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य करने की अपील की। ट्रम्प ने इसे ईरान के साथ संभावित शांति बातचीत से भी जोड़ा। इसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान का नाम भी उन देशों में शामिल किया था, जिनसे अमेरिका इजराइल को मान्यता देने की उम्मीद कर रहा है।


## यूक्रेन पर बड़े हमले करेगा रूस, कीव छोड़ने की चेतावनी

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रहने वाले विदेशी नागरिकों, राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को तुरंत शहर छोड़ने की चेतावनी दी है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार वे यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसरों, निर्णय लेने वाले केंद्रों और कमान चौकियों पर सुनियोजित हमले शुरू कर रहे हैं। मंत्रालय ने कीव के स्थानीय निवासियों से भी अपील की है कि वे जेलेंस्की शासन की सैन्य और प्रशासनिक ढांचागत सुविधाओं से दूरी बना लें, क्योंकि ये सैन्य ठिकाने पूरे कीव में फैले हुए हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से फोन पर बात उन्हें इस हमले की अग्रिम जानकारी दी और कहा कि यूक्रेन की ओर से रूस पर किए जा रहे आतंकी हमलों की वजह से उसे ये कदम उठाना पड़ रहा है।

### ट्रंप की पोस्ट का साफ इशारा, सत्ता का केंद्र हैं पाक सेना प्रमुख

## पाकिस्तान : मुनीर की कठपुतली हैं शहबाज!

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री भले ही शहबाज शरीफ हों, लेकिन तमाम बड़े मामलों में सेना प्रमुख आसिम मुनीर का दखल साफ नजर आता है। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ अब आसिम मुनीर के हाथों की कठपुतली जैसे दिखते हैं। पाकिस्तान में सत्ता के इस समीकरण को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया पोस्ट ने और बल दिया है।





दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब्राहम समझौते के विस्तार को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी। इस पोस्ट में ट्रंप ने मुस्लिम-बहुल देशों से ईरान युद्ध के बाद अब्राहम समझौते में शामिल होने का आग्रह किया था। इस पोस्ट में उन्होंने शहबाज शरीफ की जगह पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का नाम लिया। ट्रंप के पोस्ट से सवाल खड़ा हो गया है कि असल में पाकिस्तान की सत्ता किसके हाथ में है? ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर अब्राहम समझौते के विस्तार को लेकर एक पोस्ट में उन विश्व नेताओं की सूची जारी की, जिनसे उन्होंने बात की थी। हालांकि, जब बात पाकिस्तान की आई, तो उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का नाम नहीं लिया। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर का जिक्र किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पोस्ट में सऊदी अरब के मोहम्मद बिन सलमान, यूएई के मोहम्मद बिन जायद, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी जैसे नेताओं का नाम लिखा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इस सूची में नहीं थे। जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ चूक का मामला नहीं है। यह चूक सीधे तौर पर पाकिस्तान में सत्ता के समीकरण पर मुहर लगाती दिख रही है। यह पहले से ही साफ है कि पाकिस्तानी सेना विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में देश की सरकार की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभाव रखती है। वहीं, ट्रंप की पोस्ट ने एक तरह से इसकी पुष्टि कर दी है।

### मुनीर का बढ़ता कद

पाकिस्तान में आसिम मुनीर का कद लगातार बढ़ने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह ईरान, अफगानिस्तान और अमेरिका के साथ सहयोग से जुड़े मुद्दों पर फैसला लेने वालों में सबसे अहम माने जाते हैं। कई रिपोर्टों में दावा है कि शहबाज शरीफ से ज्यादा मुनीर से ट्रंप की करीबी है। ट्रंप ने पिछले साल एक गोपनीय बैठक की थी और मुनीर की तारीफ की थी।

## एक नज़र

### सेनेगल को मिला नया प्रधानमंत्री

**डकार।** सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फाये ने अहमादू अल अमीनू लो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री उस्मान सोनको को हटाए जाने के बाद यह फैसला लिया। सोनको और राष्ट्रपति फाये के बीच पिछले कई महीनों से नीतिगत मतभेद बढ़ रहे थे, खासकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज वार्ता को लेकर। लो इससे पहले पश्चिम अफ्रीकी केंद्रीय बैंक में वरिष्ठ पद पर कार्य कर चुके हैं। नई सरकार ऐसे समय में बन रही है जब सेनेगल आर्थिक संकट और सत्तारूढ़ पार्टी के अंदरूनी विवादों से जूझ रहा है।

### लाओस की गुफा में फंसे सात लोगों को बचाने के लिए अभियान जारी

**लाओस।** लाओस के शाइसोंबून प्रांत में पिछले सप्ताह से गुफा में फंसे सात लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया है। ये ग्रामीण 19 मई को सोने की तलाश में गुफा में गए थे, तभी भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया। एक व्यक्ति समय रहते बाहर निकल आया और उसने अधिकारियों को सूचना दी। लाओस और थाईलैंड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। गोताखोर पानी से भरे संकरे रास्तों से होकर अंदर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। गुफा में फंसे लोगों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### अमेजन संरक्षण के लिए ब्राजील का बड़ा निवेश

**साओ पाउलो।** ब्राजील सरकार ने अमेजन वर्षावन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए 3.1 अरब रियाल यानी करीब 617.5 मिलियन डॉलर निवेश करने की घोषणा की है। यह राशि इको इन्वेस्ट कार्यक्रम के तहत दी जाएगी, जिसका उद्देश्य जैव अर्थव्यवस्था, सतत पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। सरकार के अनुसार निजी और विदेशी निवेशकों की मदद से परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की सरकार का कहना है कि यह पहल 2050 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने और अमेजन में वनों की कटाई रोकने में मदद करेगी।

### कैलिफोर्निया के रासायनिक टैंक में विस्फोट का खतरा टला

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित गार्डन ग्रोव में एयरोस्पेस प्लांट के क्षतिग्रस्त रासायनिक टैंक में अब विस्फोट का खतरा काफी हद तक खत्म हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि टैंक में आई दरार से दबाव कम हुआ और तापमान घट गया। टैंक में मेथाइल मेथाक्रिलेट नामक खतरनाक रसायन भरा था, जिसके गर्म होने से विस्फोट की आशंका पैदा हो गई थी। एहतियात के तौर पर 50 हजार से अधिक लोगों को इलाके से निकाला गया था। हालांकि अब हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से निकासी आदेश अभी भी जारी है।

### श्रीलंका : 40 देशों के पर्यटकों को आगमन पर वीजा


**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार ने सोमवार को घोषणा की है कि भारत सहित 40 देशों के पर्यटकों को 30 दिनों के लिए आगमन पर वीजा मुफ्त दिया जाएगा। आव्रजन व उत्प्रवास विभाग के अनुसार, इन देशों के नागरिकों को आने से पूर्व इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके तहत पर्यटकों को पहुंचने की तारीख से डबल-एंट्री की सुविधा भी मिलेगी। भारत अभी श्रीलंका के लिए पर्यटन का सबसे बड़ा स्रोत है। इस सूची में रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, चीन व डेनमार्क जैसे देश भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान : दो बसें टकराईं, 17 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी मर्दान जिले में स्वात एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। मृतक मुख्य रूप से अपर दीर और बाजौर जिलों के रहने वाले थे और स्वात घाटी जा रहे थे। बचाव दल मौके पर राहत कार्यों में जुटा है और मृतकों की पहचान की जा रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर की भारत की तारीफ

### ट्रंप बोले- मैं हूं पीएम मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट को फिर से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में सर्जियो गोर ने भारत के लिए ट्रंप के प्रेम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूत संबंधों का जिक्र किया। एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप ने आज रात मुझे फोन किया। उनका एक स्पष्ट संदेश था : मैं भारत से प्यार करता हूं। हम भारत के इतने करीब कभी नहीं रहे।

मैं प्रधानमंत्री मोदी का एक बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। इसके जवाब में ट्रंप ने सोमवार शाम को अपने आधिकारिक ट्रुथ सोशल अकाउंट पर इस संदेश को फिर से पोस्ट किया। उन्होंने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से एक वीडियो क्लिप भी साझा की। ट्रंप ने रविवार रात को कहा था कि भारत मुझ पर 100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहतरीन दोस्त बताया था। यह घटनाक्रम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच सामने आया है, जिसमें दोनों देशों के नेता एक-दूसरे के प्रति प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं। ट्रंप की यह पोस्ट भारत के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को उजागर करने के उनके प्रयास को दर्शाती है। ट्रंप ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर को अचानक फोन किया। तब गोर अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में थे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की।

## कार्नी के भारत दौरे से रिश्ते का नया अध्याय हुआ शुरू

### पीयूष गोयल बोले-संबंध होंगे मजबूत



**ओटावा।** कनाडा और भारत के रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी लौटती नजर आ रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया भारत यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को पूरी तरह से रीसेट करने की दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। यह बात केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा दौरे के दौरान कही। ओटावा में कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से मुलाकात के बाद गोयल ने कहा कि दोनों देश अब नए एजेंडे और नए लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी की फरवरी में हुई भारत यात्रा ने दोनों देशों के नजरिए को पूरी तरह बदल दिया और रिश्तों में नई शुरुआत की राह खोल दी। भारत और कनाडा के बीच संबंध 2023 में उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब कनाडा में खालिस्तानी समर्थक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज करते हुए कनाडा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था।

## रूबियो ने रूस के विदेश मंत्री से की बात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, द्विपक्षीय संबंधों और ईरान की स्थिति पर चर्चा की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि बातचीत का अनुरोध रूस की ओर से किया गया था। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार लावरोव ने कीव में यूक्रेनी सेना से जुड़े ठिकानों पर हमले की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई रूस के अंदर नागरिक इलाकों पर हो रहे कथित हमलों के जवाब में की गई। लावरोव ने अमेरिका समेत अन्य देशों से कीव में मौजूद अपने राजनयिकों और नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने को भी कहा।

## पीएम नेतन्याहू अचानक अस्पताल में भर्ती, पहले से कई बीमारी से हैं पीड़ित

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम यरुशलम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसकी पुष्टि की गई। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू को यरुशलम स्थित हदासाह ऐन केरम मेडिकल सेंटर ले जाया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि 76 वर्षीय नेतन्याहू दांतों से जुड़े इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। यह बयान उस समय जारी किया गया जब हिब्रू मीडिया में उनके अस्पताल ले जाए जाने की खबरें सामने आईं। पिछले कुछ समय से नेतन्याहू की सेहत इस्राइल में चर्चा और विवाद का बड़ा विषय बनी हुई है। विपक्ष और आलोचकों ने उन पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जनता से छिपाने के आरोप लगाए हैं। इसी वजह से उनकी वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति को लेकर देश में लगातार अटकलें लगती रही हैं।

## उत्तर कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण



**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पश्चिमी तट से एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र का प्रक्षेपण किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस बात की पुष्टि की है, जो इस वर्ष उत्तर कोरिया का नवीनतम हथियार परीक्षण प्रतीत होता है। यह प्रक्षेपण 19 अप्रैल को उत्तर कोरिया द्वारा किए गए एक अन्य प्रक्षेपण के बाद हुआ है। उस समय उत्तर कोरिया ने कई छोटी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण किया था, जिसे उत्तर कोरियाई मीडिया ने क्लस्टर बमों के वारहेड के प्रदर्शन के रूप में वर्णित किया था। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ परमाणु कूटनीति के विफल होने के बाद से अपने परमाणु और मिसाइल शस्त्रागार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्रंप ने किम के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की इच्छा बार-बार व्यक्त की है, लेकिन प्योंगयांग ने अब तक इन प्रस्तावों को नजरअंदाज किया है। वॉशिंगटन ने बातचीत की पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की मांगों को छोड़ने का आग्रह किया है।

## जापान में कॉनबिनी साम्राज्य के संस्थापक सुजुकी का निधन

**टोक्यो।** सेवन-इलेवन सुविधा स्टोर शृंखला के वैश्विक खुदरा साम्राज्य की स्थापना का श्रेय पाने वाले जापानी व्यवसायी तोशिफुमी सुजुकी का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। सुजुकी ने जापान में 7-इलेवन के उन सर्वव्यापी कॉनबिनी आउटलेट्स का संचालन करने वाली इकाई की स्थापना की, जहां व्यस्त लोग सैंडविच, राइस बॉल, पेय पदार्थ, चिप्स और अन्य भोजन खरीद सकते हैं, एटीएम का उपयोग कर सकते हैं और बिजली के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

## अवैध सोने की खदान में भूस्खलन से 28 की मौत

**बेंगू।** अंगोला के उत्तर-पश्चिमी बेंगू प्रांत में एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के सबसे घातक अवैध खनन हादसों में से एक बताया है। नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन सेवा ने रविवार को बताया कि मलबे से चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और तलाशी अभियान पूरा हो चुका है।

## लेबनान पर इस्राइल का हमला



**तेल अवीव।** इस्राइल और लेबनान की सीमा पर चल रही लड़ाई अब बहुत खतरनाक हो गई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन

- हिजबुल्ला के 70 ठिकानों पर बमबारी, सीमाई इलाकों में स्कूल बंद, 12 लोगों की मौत

नेतन्याहू के आदेश के बाद इस्राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ हमले बहुत तेज कर दिए हैं। इस्राइल की वायुसेना ने ताबड़तोड़ हमले करके हिजबुल्ला के 70 से ज्यादा ठिकानों को तबाह कर दिया है। इन हमलों में करीब 85 बमों और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। दूसरी तरफ, लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एएनए के मुताबिक, इस्राइल के इन हमलों में 12 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने लेबनान के टायर इलाके में हिजबुल्ला के 10 कमांड सेंटर, हथियारों के गोदाम और दूसरे ठिकानों को निशाना बनाया है। सेना ने यह भी दावा किया कि मोटरसाइकिल पर जा रहे हिजबुल्ला के लड़ाकों को भी मार गिराया गया है। इसके अलावा, इस्राइली लड़ाकू विमानों ने लेबनान की बेका घाटी और कई दूसरे इलाकों में बने हिजबुल्ला के ठिकानों पर भी भारी बम बरसाए हैं।

### खोज

### चीनी वैज्ञानिकों ने दुनिया में किया बड़ा कमाल

## सूर्य की सामान्य रोशनी से बनी क्वांटम तस्वीर



**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में ऐसी सफलता हासिल की है, जिसने दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अब तक माना जाता था कि क्वांटम फोटॉन बनाने के लिए शक्तिशाली और स्थिर लेजर जरूरी होती है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पहली बार सिर्फ सूर्य की सामान्य रोशनी की मदद से क्वांटम-लिंक्ड फोटॉन तैयार कर लिए। इन फोटॉनों की मदद से घोस्ट इमेजिंग तकनीक के जरिए कृत्रिम तस्वीर भी बनाई गई। इस उपलब्धि को भविष्य की अंतरिक्ष तकनीक और क्वांटम संचार के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

#### आखिर वैज्ञानिकों ने क्या नया कर दिखाया?

अब तक क्वांटम ऑप्टिक्स में लेजर को सबसे जरूरी उपकरण माना जाता था। वैज्ञानिकों का मानना था कि बिना नियंत्रित और शक्तिशाली लेजर के क्वांटम स्तर पर जुड़े फोटॉन तैयार नहीं किए जा सकते। लेकिन चीन की शियामेन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस सोच को बदल दिया। शोधकर्ताओं ने सूर्य की प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करके क्वांटम-लिंक्ड फोटॉन तैयार किए। इसके बाद इन फोटॉनों की मदद से घोस्ट इमेजिंग तकनीक द्वारा तस्वीर का पुनर्निर्माण किया गया। इस तकनीक में तस्वीर सीधे कैमरे से नहीं ली जाती, बल्कि क्वांटम संबंधों के जरिए तैयार होती है। इस शोध को जर्नल एडवांस्ड फोटोनिक्स में प्रकाशित किया गया है।

#### धूप से क्वांटम तस्वीर कैसे बनाई गई?

वैज्ञानिकों ने एक खास स्वचालित सन-ट्रैकिंग प्रणाली तैयार की। यह सिस्टम पूरे दिन सूर्य की दिशा का पीछा करता रहा, ठीक वैसे ही जैसे टेलीस्कोप काम करता है। इसके जरिए सूर्य की रोशनी को 20 मीटर लंबे प्लास्टिक मल्टीमोड ऑप्टिकल फाइबर में भेजा गया। यह फाइबर रोशनी को एक अंधेरी प्रयोगशाला तक पहुंचाता है। वहां इस प्रकाश को पीपीकेटीपी नाम के विशेष नॉनलाइनियर क्रिस्टल पर डाला गया। इसी प्रक्रिया के दौरान क्वांटम फोटॉन जोड़े तैयार हुए।

#### पीपीकेटीपी क्रिस्टल क्या होता है?

पीपीकेटीपी यानी पीरियॉडिकली पोल्ड पोटैशियम टाइटेनिल फॉस्फेट एक विशेष प्रकार का क्रिस्टल है। इसका इस्तेमाल क्वांटम ऑप्टिक्स और फोटॉन आधारित प्रयोगों में किया जाता है। यह क्रिस्टल प्रकाश की तरंगों को खास तरीके से बदलता है, जिससे क्वांटम फोटॉन जोड़े बन पाते हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि पहली बार साबित हुआ है कि सूर्य की प्राकृतिक रोशनी भी स्पॉन्टेनियस पैरामेट्रिक डाउन-कन्वर्जन प्रक्रिया को सक्रिय कर सकती है। यही प्रक्रिया क्वांटम तकनीक में फोटॉन जोड़े बनाने के लिए सबसे अहम मानी जाती है।

### इस सफलता को इतना बड़ा क्यों माना जा रहा है?

विशेषज्ञों के अनुसार यह उपलब्धि भविष्य की क्वांटम तकनीकों को सस्ता और आसान बना सकती है। अभी तक ऐसे प्रयोगों के लिए महंगे लेजर सिस्टम की जरूरत पड़ती थी। अगर सूर्य की रोशनी से भी क्वांटम फोटॉन बनाए जा सकते हैं, तो भविष्य में छोटे और कम खर्च वाले क्वांटम उपकरण विकसित हो सकते हैं। इस तकनीक का इस्तेमाल अंतरिक्ष मिशनों, सुरक्षित संचार प्रणाली और हाईटेक इमेजिंग सिस्टम में किया जा सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इससे क्वांटम संचार को दूरदराज और अंतरिक्ष क्षेत्रों तक ले जाने में मदद मिलेगी।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089